नई दिल्ली

नई दिल्ली, गुरुवार 24 अक्टूबर 2019

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 23, अंक : 218

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम

अधि. 33.1

न्यून. 15.7

haribhoomi.com


# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




09 बजरंग के कोच बने रहेंगे शाको




## खबर संक्षेप

### बंद बॉडी के ट्रक से 29 गौवंश बरामद

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हसनपुर चौक के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर यूपी सीमा से पलवल की तरफ जा रहे एक बंद बॉडी के ट्रक से 29 गौवंश बरामद किए हैं। जिनमें एक गौवंश की मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने बरामद किए सभी गौवंश को निकट की बहीन गौशाला में भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शरु कर दी है। मामले में जांच अधिकारी जयकिशन ने बताया कि मुखबिर खास से पुलिस को सूचना मिली कि बंद बोडी के एक ट्रक में गौवंश भरा हुआ है। उक्त ट्रक यूपी सीमा से पलवल की तरफ जाने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने हसनपुर चौक के निकट वाहनों की जांच शुरु कर दी। इसी दौरान पुलिस की जांच को देखकर ट्रक चालक वाहन को रास्ते में छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो उसमें से 29 गौवंश बरामद किए। जिनमें एक गौवंश की मौत हो गई। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ट्रक को जब्त कर लिया है और बरामद गौवंश को बहीन स्थित गौशाला में भेज दिया है।

### करोड़ों के उल्लुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पुलिस ने मंगलवार दी देर रात वैशाली पुलिया के पास दो पक्षी तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच उल्लू बरामद किये हैं। यह उल्लू दिवाली पर्व पर तांत्रिक क्रिया करने वालों को बेचने के लिए ले जाए जा रहे थे। जिनकी बाजार में कीमत करोड़ों रुपए है। बरामद उल्लुओं को वन विभाग को सौंप दिया गया है। एसपी सिटी मनीष मिश्रा ने बुधवार को यहां बताया कि मंगलवार की देर रात इंदिरापुरम थाना अध्यक्ष दीपक शर्मा वैशाली के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे इस दौरान अपाचे मोटरसाइकिल पर जा रहे दो युवकों रोका गया, उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास बाल्टी में पांच उल्लू बरामद हुए। उन्होंने पुलिस को बताया कि बहुत से लोग दिवाली पर अमावस्या के दिन उल्लू की बलि तांत्रिक क्रिया करते हैं ऐसे लोगों को बेचने के लिए इन्हे लाया गया था। गिरफ्तार तस्करों में कृष्णा नगर निवासी सुमित कुमार नागर उसका भाई प्रदीप कुमार नागर है दोनों को जेल भेजा जा रहा है।

### यशवी निखार ने स्केटिंग में जीता सिल्वर पदक

**गाजियाबाद।** डीपीएस इंदिरापुरम की कक्षा दूसरी की छात्रा यशवी निखार ने 21वीं नार्थ जोन सीबीएसई नेशनल स्केटिंग प्रतियोगिता में रजत व कांस्य पदक जीतकर स्कूल का सम्मान बढ़ाया है। प्रदर्शन पर स्कूल की टीचरों ने यशवी का हौसला बढ़ाया, आगे प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित भी किया। ग्रेटर नोएडा के रेयान इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 21वीं नार्थ जोन सीबीएसई नेशनल स्केटिंग प्रतियोगिता डीपीएस इंदिरापुरम की कक्षा दूसरी की छात्रा यशवी निखार ने हिस्सा लिया। जिसमें यशवी ने रजत व कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता बीते दिनों अंडर-8 वर्ग श्रेणी की आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि के साथ यशवी ने सीबीएसई राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस प्रदर्शन से स्कूल में खुशी की लहर छा गई। दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल संगीता हजेला ने कहा कि यशवी के इस प्रदर्शन से स्कूल गौरवान्वित है।

---

गुरुग्राम - फरीदाबाद: मतगणना केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा

# दोपहर तक हो जाएगी हार-जीत की तस्वीर साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के लिए जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों पटौदी, गुड़गांव, बादशाहपुर एवं सोहना की मतगणना सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में बनाए गए मतगणना केंद्रों पर होगी। जिला प्रशासन द्वारा मतगणना के लिए सभी आवश्यक प्रबंध व तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि मतगणना का कार्य प्रातः 8 बजे शुरू हो जाएगा। मतगणना केंद्र के आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। बुधवार को मतगणना केंद्रों में नियुक्त मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर का राजकीय कन्या महाविद्यालय में अंतिम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी को मतगणना संबंधी सभी बिंदुओं से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि 76-बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए 28 टेबल लगाई जाएंगी, जिन्हें दो भाग-ए व बी में बांटा जाएगा। दोनों भागों में 14-14 टेबल लगाई जांएगी। इसमें कुल 362 बूथ थे। इसमें दोनों भागों में 13-13 राउंड में मतगणना का कार्य होगा। इसमें सभी टेबल पर एक समय में 84 मतगणना अधिकारी व कर्मचारी मतगणना का कार्य करेंगे। प्रत्येक मेज पर एक माइक्रो आब्जर्वर, एक काउंटिंग सुपरवाइजर व एक मतगणना सहायक उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार, 77-गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए कुल 14 टेबल लगाई गई हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल 329 बूथ थे। इसमें मतगणना का कार्य 24 राउंड में पूरा किया जाएगा। इसमें सभी टेबल पर एक समय में 42 अधिकारियों व कर्मचारियों का स्टाफ मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि पटौदी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 15 टेबल लगाई गई हैं। इसमें कुल 243 बूथ थे। इसमें मतगणना का कार्य 17 राउंड में पूरा होगा। इसमें सभी टेबल पर एक समय में 45 अधिकारी व कर्मचारी मतगणना का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि 78-सोहना विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई है। इसमें कुल 238 बूथ थे। इस विधानसभा क्षेत्र में मतगणना का कार्य 17 राउंड में पूरा होगा। इसमें सभी टेबल पर एक समय में 42 अधिकारी व कर्मचारी मतगणना का कार्य करेंगे।





#### गिनती से पहले दिया गया अंतिम प्रशिक्षण

गुरुग्राम के निर्वाचन अधिकारी खत्री ने बताया कि बुधवार को मतगणना केंद्रों में नियुक्त मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर का राजकीय कन्या महाविद्यालय में अंतिम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- गुरुग्राम की चारों सीटों पटौदी, गुड़गांव, बादशाहपुर एवं सोहना की मतगणना सेक्टर-14 राजकीय कन्या महाविद्यालय में होगी

#### फरीदाबाद: ऑब्जर्वर की निगरानी में शुरू होगी गणना

फरीदाबाद। जिला फरीदाबाद में पड़ने वाले सभी छह विस क्षेत्रों के मतों की गणना के लिए प्रशासन द्वारा प्रबंध पूरे कर दिए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मतगणना केंद्र के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं जिनकी देखरेख में मतगणना वीरवार 24 अक्टूबर को प्रात 8 बजे से शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अतुल कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

#### फरीदाबाद: प्रत्येक मतगणना केंद्र पर 400 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त केके राव के निर्देशानुसार मतगणना केन्द्र की सुरक्षा के पुख्ता प्रंबंध किए गए है। सभी 6 मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा की थ्री-लेयर सिक्योरिटी के पुख्ता प्रंबध किए गए है। मतगणना के लिए प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर 400 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए है। अभी तक स्ट्रांग रूम/मतगणना केन्द्र की सुरक्षा के लिए, प्रथम लेयर में सीआरपीएफ के जवानों की तैनाती की गई है, द्वितीय लेयर में आईआरबी के जवानो की तैनाती की गई है, तृतीय एवं बाहरी लेयर में फरीदाबाद पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सभी स्ट्रांग रूम/मतगणना केन्द्र पर 24 घण्टे दिन-रात पीसीआर के द्वारा निगरानी रखी जा रही है। मतगणना केन्द्र के चारों तरफ नाके लगाए हुए है।

---

## श्रमिक अशांति पर एटक ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

- श्रमिकों की लंबित पड़ी मांगों को माना जाएं
- नौकरी से निकाले गए श्रमिकों को वापिस लेने, श्रमिकों को बोनस दिये जाने की उठाई मांग

औद्योगिक क्षेत्रों स्थित प्रतिष्ठानों में श्रमिक व प्रबंधनों के मध्य विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संगठन एटक ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में बढ़ रही अशांति को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार का कहना है कि प्रबंधन श्रमिक विरोधी नीतियां लागू कर श्रमिकों का शोषण कर रही है। कंपनी प्रबंधन की हठधर्मिता के चलते श्रमिक अशांति बढ़ती जा रही है। औद्योगिक क्षेत्रों स्थित शिवम ऑटो, नपीनो ऑटो, मुंजाल शोवा, कपारो मारुति, होंडा, डीपीएस स्कूल, आरकोटेक, आरजीपी आदि प्रतिष्ठानों में श्रमिकों व प्रबंधनों के मध्य विवाद चल रहा है। प्रतिष्ठानों में प्रबंधन द्वारा श्रमिक अशांति फैलाई जा रही है, जिसको लेकर श्रमिकों में भारी रोष व्याप्त है। प्रबंधकों द्वारा श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है। 10-15 वर्षों से कार्यरत श्रमिकों को नौकरी से निकाला जा रहा है। श्रमिकों के मांगपत्र काफी समय से लंबित पड़े हुए हैं। प्रबंधन श्रमिक अशांति पैदा करने के लिए अनुचित श्रम अभ्यास करा रही है। श्रमिकों को बोनस नहीं दिया जा रहा है। लंबित पड़े मांगपत्रों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि श्रमिकों की लंबित पड़ी मांगों को माना जाए, नौकरी से निकाले गए श्रमिकों को वापिस लिया जाए, श्रमिकों को बोनस दिया जाए आदि। उन्होंने कहा कि श्रमिक विभिन्न क्षेत्रों से प्रदर्शन करते हुए मिनी सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने श्रमिकों की मांगों से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में श्रमिक नेता रामनिवास यादव, बलवीर कंबोज, शिव कुमार, मनोज कुमार, चंदन सिंह, राकेश बैरवा, मुकेश यादव, कुलदीप सिंह, मुकेश, नरेश, चंद्र हंस, सतीश गुर्जर, दिलसिंगार यादव, किशन यादव, नरेश, सोमदत्त, हरिप्रकाश, राज बहादुर आदि शामिल रहे।

## खुले में शौच करने वाले 38 लोगों पर ठोका 4,200 रुपये का जुर्माना

**नोएडा।** यूपी के नोएडा में खुले में शौच करने वाले 38 लोगों पर बुधवार को नोएडा प्राधिकरण ने 4,200 रुपये का जुर्माना लगाया। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के उप महाप्रबंधक एससी मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान के तहत नोएडा प्राधिकरण ने शहर को खुले में शौच से मुक्त करने का अभियान चला रखा है। इसी के तहत खुले में शौच व मूत्र करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। तीन अक्टूबर से लेकर बुधवार तक अभियान के तहत खुले में शौच व मूत्र करने पर 27,000 रुपये का अर्थदंड वसूला गया है। नोएडा में जगह-जगह निशुल्क शौचालयों का निर्माण किया गया है। इसके बावजूद भी लोग खुले में शौच करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बुधवार को सेक्टर 5, 9, 10, 11, 74, 94 तथा 124 एवं नयाबास गांव में यह अभियान चलाया गया। इसके अलावा सेक्टर 15, 25, 26, 27, 62 और सेक्टर 88 में सड़कों पर घूम रहे 15 गोवंश को पकड़कर सेक्टर 135 स्थित गौशाला भेजा गया है। इसके अलावा एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत अभी तक 3,55,400 रुपये का जुर्माना वसूला गया तथा 3,092 किलो पॉलिथीन जप्त की गई है। उन्होंने शहर के लोगों से अपील की है कि वे खुले में शौच ना करें तथा एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के प्रयोग से परहेज करें।



- सड़कों पर घूम रहे 15 गोवंश को पकड़कर सेक्टर 135 स्थित गौशाला भेजा गया

---

## झपटमारी के दोषी को पांच साल की कैद

**गुरुग्राम।** झपटमारी के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएम धौंचक की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ओल्ड दिल्ली रोड की सुशीला मिश्रा ने इस वर्ष 27 जनवरी को सैक्टर 14 पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपरान्ह सदर बाजार जा रही थी।

गौशाला ग्राउण्ड के निकट बाइक सवार युवक उसका पर्स झपटकर फरार हो गया। पर्स में उसका मंगलसूत्र, कानों के कुण्डल, मोबाइल व नगदी आदि भी थी। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने युवक को काबू कर पुलिस को सौंप दिया। जिसकी पहचान नजफगढ़ दिल्ली के गोविंद के रुप में हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी से महिला का झपटा हुआ पर्स भी बरामद कर लिया था और आरोपी को जेल भेज दिया गया था। मामला अदालत में चला। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपी पर आरोप साबित होना पाते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 5 साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुना दी है।

## बस में आग लगी कोई हताहत नहीं

एजेंसी ⏭ नोएडा



- चालक ने बस से कूद कर बचाई जान, जब तक दमकल विभाग की 2 गाड़ियां पहुंचीं तब तक बस पूरी तरह से जल गई थी

शहर में सलारपुर गांव के पास बुधवार की सुबह निजी बस में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई, हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि निजी बस का चालक बुधवार की सुबह अपनी बस में सीएनजी गैस डलवाने सेक्टर 82 स्थित सीएनजी पंप जा रहा था। लेकिन सलारपुर के पास बस में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। घटना के समय बस में कोई सवारी मौजूद नहीं थी। चालक ने बस से कूद कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की 2 गाड़ियां पहुंचीं। लेकिन तब तक बस पूरी तरह से जल गई थी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## 'जीवन में मानवीय गुणों का है बड़ा महत्व'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मानव जीवन में मानवीय गुणों का बड़ा महत्त्व है। कर्म सही हों तो उनका असर शब्दों से अधिक होता है। परमात्मा और मनुष्य में किसी भी प्रकार की दूरी नहीं है, बल्कि दूरी तभी तक है जब तक मनुष्य को इसका अहसास नहीं है। उक्त उद्गार सतगुरु सुदीक्षा महाराज ने सेक्टर 29 क्षेत्र में धार्मिक संस्था संत निरंकारी मंडल द्वारा आयोजित निरंकारी संत समागम में प्रवचन करते हुए व्यक्त किए। मनुष्य का पिछला समय तो बीत गया, लेकिन भविष्य में परोपकार के कार्य करें।

मनुष्य में एकत्व, प्रेम, विशालता, नम्रता आदि गुण के भाव शामिल होने चाहिए। मनुष्य को अधिकारों नहीं, बल्कि कर्तव्यों का पालन करते हुए जीवन जीना चाहिए। जीवन में हर समय निरंकार प्रभु का अहसास ही सहज अवस्था के लिए जरुरी है। अपना मुख्य मार्गदर्शक परमात्मा को ही बनाना है, परमात्मा को ही अपना जीवन वाहक मानना चाहिए।

---

## मुठभेड़ में इनामी बदमाश ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नोएडा

- प्रतापगढ़ में साथियों संग एक परिवार के 3 लोगों की हत्या करने का है आरोप

यूपी के विशेष कार्य बल की नोएडा इकाई ने प्रतापगढ़ जिले में मंगलवार को देर रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। बदमाश पर हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती व लूटपाट के 15 से ज्यादा मामले यूपी के विभिन्न जिलों में दर्ज है। यूपी एसटीएफ के एसएसपी राजीव नारायण मिश्रा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात को पश्चिमी उप्र एसटीएफ (नोएडा इकाई) व प्रतापगढ़ जिले की थाना रानीगंज पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश किसी बड़े अपराध को अंजाम देने के लिए रानीगंज थाना क्षेत्र में आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद कुछ संदिग्ध लोग आते दिखाई दिए। उन्हें रुकने का इशारा किया गया। उन्होंने खुद को घिरा देखकर गोली चलानी शुरू कर दी। एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई की व एक गोली बदमाश को लगी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश की शिनाख्त बबलू उर्फ पतला उर्फ साजिद पुत्र भूरा के रूप में हुई है। उस पर प्रतापगढ़ जिला पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वर्ष 2003 में थाना कोतवाली प्रतापगढ़ के क्षेत्र में डकैती की वारदात हुई थी। तब बबलू ने डकैती डालते समय साथियों के साथ मिलकर एक परिवार के 3 लोगों की हत्या कर दी थी। मामले में वर्ष 2007 में अदालत ने इसे मिला कर तीन लोगों को दोषी ठहराया व फांसी की सजा सुनाई थी। सजा के समय से ही फरार चल रहा था। कानपुर के थाना कल्याणपुर व थाना बिधूना क्षेत्र में दो डकैती, हत्या के मामले में बबलू वांछित था। सहारनपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा से बबलू फरार हो गया था। उस पर मेरठ जिले के थाना सरधना में हत्या समेत डकैती के पांच मुकदमे चल रहे हैं।

## 250 छात्रों ने शास्त्रीय संगीत, नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 21 फरीदाबाद में एक इंटर स्कूल क्लासिकल म्यूजिक एंड डांस प्रतियोगिता के रूप में किया। उत्सव में दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव व फरीदाबाद क्षेत्र के 40 स्कूलों के बीच एक अंतर-स्कूल प्रतियोगिता देखी गई। कई स्कूलों के 250 से अधिक छात्रों ने शास्त्रीय संगीत, नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कालका बिंदादीन घराने में जन्मे कथक प्रतिपादक, दिवंगत पद्मश्री पंडित सबु महाराज के पुत्र राम मोहन महाराज जी के आगमन से हुई। महाराज जी ने स्पिक मौके के साथ प्रदर्शन किया हुआ है।

## नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में यूरो स्कूल के बच्चों ने जीते 13 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



सेक्टर 84 स्थित यूरो इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने गत दिवस दिल्ली द्वारका में आयोजित छठे ग्रैंड ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 13 पदक हासिल किए हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू सिंह ने बताया कि स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों के लिए स्कूल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। वैभव, सिद्धि, अनन्या सिंह, मनिंदर, हार्दिक, अजीम, दीक्षा ने स्वर्ण, अहम, सायशा, लावनिक, दक्ष ने रजत तथा शौर्य, आयुषा ने कांस्य पदक हासिल किया। कोच गौरव गोले ने बताया कि खिलाड़ियों ने मेहनत कर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। बच्चों के प्रदर्शन से परिजन, शिक्षक बड़े उत्साहित हैं।

---

## डीएमआरसी की हुई गुरुग्राम रैपिड मेट्रो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने बुधवार से गुरुग्राम में चलने वाली रैपिड मेट्रो को पूरी तरह से अपने अधीन कर लिया है। पहले दिन ही मेट्रो के एमडी डॉ. मंगू सिंह ने इस लाइन पर यात्रा करते हुए निरिक्षण किया। इस मौके पर डॉ. सिंह के अलावा डीएमआरसी व रैपिड मेट्रो के कई आला अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर डॉ. सिंह ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। डीएमआरसी ने 22 अक्टूबर 2019 की रात 12 बजे के बाद रैपिड मेट्रो रेल को टेकओवर (अधिग्रहण) किया है। अब रैपिड मेट्रो की पूरी जिम्मेदारी, इसका संचालन और रखरखाव डीएमआरसी का होगा। इस लाइन को रैपिड मेट्रो रेल गुड़गांव लिमिटेड और रैपिड रेल गुरुग्राम ने मिलकर बनाया था। लेकिन वित्तीय संकट से जूझ रही रैपिड मेट्रो को चलाने वाली कंपनी आइएल एंड एफएस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने हरियाणा सरकार को हाथ खड़े करते हुए आगे सेवा जारी नहीं रखने से मना कर दिया। अब डीएमआरसी ने इसे अधिग्रहण कर लिया है। दिल्ली मेट्रो के कर्मियों ने कामकाज संभाल लिया है। रैपिड मेट्रो के संचालन के साथ दिल्ली व एनसीआर में 285 स्टेशनों के साथ मेट्रो नेटवर्क 389 किलोमीटर का हो गया है, जिसमें नोएडा-ग्रेटर नोएडा कॉरिडोर शामिल है।

### ट्रैक्टर, रस्सों की मदद से नदी पार करते वक्त कई लोगों के मुंह में चला गया था प्रदूषित जल

## यमुना का जल पीने से दो श्रद्धालुओं की मौत, कई बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ होडल



बरसाना स्थित मान मदिंर के महंत रमेश बाबा के नेतृत्व में निकाली गई ब्रज चौरासी कोस की यात्रा में शामिल श्रद्धालु जब हसनपुर से यमुना नदी को पार कर रहे थे तो हादसा हो गया। ट्रैक्टर, रस्सों की सहायता से यमुना पार कर रहे कुछ श्रद्धालुओं की नदी में डूबने की स्थिति बन गई। इस दौरान श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई और मुंह में नदी का पानी जाने से पश्चिम बंगाल निवासी एक महिला व वृद्ध श्रद्धालु की मौत हो गई और दर्जनों से अधिक यात्रियों की हालत बिगड़ गई। जिन्हें मथुरा के विभिन्न अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि यमुना नदी का प्रदूषित जल का आचमन करने और अत्याधिक मात्रा में पानी पीने के कारण हादसा हो गया। बता दें कि बरसाना के मान मंदिर से बृज चौरासी कोस के लिए निकली यात्रा में लगभग पांच हजार साधु संतों, श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था। उक्त यात्रा में शामिल श्रद्धालु यूपी व होडल क्षेत्र के विभिन्न गावों से होते हुए यूपी सीमा में प्रवेश करने के लिए यमुना नदी को पार कर रहे थे। यमुना नदी पर पुल की व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं ने रस्सों की सहायता से नदी को पार करना शुरु कर दिया। बताया जाता है कि हसनपुर के गांव माहोली, जैदपुर के बीच यमुना नदी पर पैंटून पुल रहता है। बारिश के दिनों में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने पर यहां पैंटून पुल को हटा दिया गया था। जब श्रद्धालु यमुना नदी को रस्सी की सहायता से पार कर रहे थे तो श्रद्धालुओं के मुंह में पानी चला गया तो कुछ श्रद्धालुओं ने नदी के पानी से आचमन कर लिया लेकिन नदी का जल अत्यधिक प्रदूषित होने के कारण श्रद्धालुओं का स्वास्थ बिगड़ गया। पानी पीने के कारण दर्जनों से अधिक श्रद्धालुओं को यूपी के विभिन्न अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जिनमें उपचार के दौरान पश्चिम बंगाल निवासी रामकृषण व शांतिदेवी निवासी 24 परगना पश्चिम बंगाल की मौत हो गई। राधारानी बृज यात्रा के व्यवस्थापक सनील सिंह ने बताया कि उन्होंने यमुना नदी पर पैंटून पुल के मामले में जिला उपायुक्त से बातचीत की थी जिस पर उन्होंने आश्वासन भी दिया था पर चुनावों में व्यस्थ होने के कारण इसकी व्यवस्था नहीं हो सकी। इसके बाद उन्होंने अलीगढ़ लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता से पैंटून पुल के बारे में बातचीत की पर उन्होंने बजट नहीं होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

नई दिल्ली

नई दिल्ली, गुरुवार 24 अक्टूबर 2019

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 23, अंक : 218

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम

अधि. 33.1

न्यून. 15.7

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



09 बजरंग के कोच बने रहेंगे शाको

## मोदी सरकार का फैसला: चुनाव से पहले दिल्ली को दिवाली की सौगात

# 1797 अवैध कॉलोनियां होंगी नियमित 40 लाख लोगों को मिलेगा फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की बुधवार को मंजूरी प्रदान करते हुये इन कॉलोनियों में रह रहे लाखों संपत्ति मालिकों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने का रास्ता साफ कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभाव) हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि केन्द्र सरकार के इस फैसले का लाभ दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों में रह रहे लगभग 40 लाख लोगों को मिलेगा, जिन्हें पिछले कई दशकों से संपत्ति का मालिकाना हक मिलने का इंतजार था।

बता दें कि दिल्ली की 1797 अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लोगों के लिए यह बड़ी राहत है। केंद्र सरकार लंबे समय से इन कॉलोनियों को नियमित करने की तैयारी कर रही थी। मोदी सरकार ने भी अपने 100 दिन के एजेंडे में इस मुद्दे को प्रमुखता से रखा था।

पुरी ने स्पष्ट किया कि इस फैसले के दायरे में सरकारी और निजी, दोनों श्रेणियों की जमीन पर बसी अनधिकृत कालोनियों को शामिल किया गया है लेकिन दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर बने फार्म हाऊस, सैनिक फार्म, महरौली एंक्लेव और अनंत राम डेयरी इलाके में बने फार्म हाऊस इस फैसले के दायरे से बाहर होंगे। उल्लेखनीय है कि इन इलाकों में निर्मित फार्म हाऊस के मालिकों को भी अपनी संपत्ति को नियमित कराने की अनुमति मिलने की दरकार है। फार्म हाऊस वाले ये इलाके अनधिकृत होने के कारण इनमें निर्मित फार्म हाऊस भी कानूनी तौर पर नियमित नहीं हो पाये हैं। पुरी ने स्पष्ट किया कि नियमित होने वाली कालोनी में निर्मित संपत्ति के अलावा खाली प्लॉट को भी नियमित कराकर संपत्ति का मालिकाना हक दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन कालोनियों में आम तौर पर निम्न आयवर्ग के लोग रहते हैं, इसलिये संपत्ति को नियमित करने के लिये मामूली शुल्क निर्धारित किया गया है।

### खास बातें

- पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के इस आशय के प्रस्ताव को दी गई मंजूरी
- सरकारी और निजी, दोनों श्रेणियों की जमीन पर बसी अनधिकृत कॉलोनियों को किया गया शामिल



### दूसरी कंपनियां भी खोल सकेंगी पेट्रोल-डीजल के रिटेल आउटलेट्स

कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया है कि पेट्रोल-डीजल के रिटेल आउटलेट्स अब दूसरी कंपनियां भी खोल सकती हैं। सरकार के मुताबिक इससे निवेश भी बढ़ेगा और रोजगार में भी इजाफा होगा। इसके अलावा इससे प्रतिस्पर्धा में भी बढ़ोतरी होगी।

### केजरीवाल ने किया स्वागत

केंद्र के इस फैसले पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वे इसका स्वागत करते हैं। सीएम ने कहा कि वे इस फैसले के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हैं। अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि आज केंद्र सरकार ने दिल्ली के लोगों के लिए अहम फैसला लिया है। दिल्ली के लोगों की पुरानी मांग रही है। दिल्ली वाले संघर्ष करते आये हैं। केंद्र सरकार का शुक्रिया करता हूं. 2015 में हमने कार्यवाही शुरू कर दी थी। कच्ची कॉलोनियों को पक्का करने के लिए 12 नवंबर 2015 को केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेजा था। 24 जुलाई 2019 को 12 सुझाव हमने केंद्र सरकार को भेज दिए थे।

### बीएसएनएल- एमटीएनएल का होगा विलय

सरकार ने घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों एमटीएनएल और बीएसएनएल के पुनरुत्थान पैकेज के तहत बुधवार को दोनों कंपनियों के विलय का फैसला किया। वित्तीय तंगी से गुजर रही सार्वजनिक क्षेत्र की इन दोनों कंपनियों के लिए पुनरुत्थान योजना के तहत सरकारी बांड जारी किए जाएंगे। संपत्तियों का मौद्रीकरण होगा। कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) की पेशकश की जाएगी।

### किसानों को तोहफा, एमएसपी में बढ़ोतरी

मोदी सरकार ने दिवाली से पहले देश के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात का ऐलान किया है। रबी फसलों की बुवाई शुरू होने से पहले सरकार सीजन की प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, सीएसीपी ने चालू रबी सीजन में गेहूं का एमएसपी बढ़ाकर 1,925 रुपये, जौ का 1,525 रुपये, सरसों का 4,425 रुपये, चना का 4,825 रुपये, मसूर का 4,800 रुपये और कुसुम का 5,215 रुपये प्रति कुंटल करने की सिफारिश की थी। पिछले सीजन 2018-19 में गेहूं का एमएसपी 1,840 रुपये, जौ का 1,440 रुपये, चना का 4,620 रुपये, मसूर का 4,475 रुपये, सरसों का 4,200 रुपये और कुसुम का 4,945 रुपये प्रति कुंटल था। इस प्रकार गेहूं और जौ के एमएसपी में 85 रुपये प्रति कुंटल, जबकि चना, मसूर, सरसों और कुसुम के एमएसपी में क्रमशः 205 रुपये, 325 रुपये, 225 रुपये और 270 रुपये प्रति कुंटल की वृद्धि की सिफारिश की गई है।

## हरियाणा और महाराष्ट्र में कौन बनाएगा सरकार, फैसला आज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा और महाराष्ट्र में आज बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के नतीजे आयेंगे। सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी और दोपहर तक ज्यादातर सीटों पर हार-जीत के रूझान सामने आने की उम्मीद है। दोनों ही राज्यों में भाजपा सत्ता में है। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों हैं। भाजपा यहां दो तिहाई बहुमत के साथ एक बार फिर सरकार बनाने का दावा कर रही है। उधर, महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की जीत लगभग तय मानी जा रही है। कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सत्ताधारी दलों को रोकने में सफल हो पाता है या नहीं यह देखना रोचक रहेगा। मतदान के बाद आये एग्जिट पोल्स में हरियाणा में मनोहर लाल और महाराष्ट्र में देवेन्द्र फडणवीस की अगुवाई में चुनाव लड़ा गया है।

## दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष बनाये गए सुभाष चोपड़ा

### कीर्ति आजाद चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व विधायक सुभाष चोपड़ा दिल्ली कांग्रेस के नये अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। इसके साथ ही पूर्व सांसद और लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए कीर्ति आजाद को चुनाव प्रचार समिति का प्रमुख बनाया गया है। कीर्ति 1993 से 1998 के दौरान गोल मार्किट सीट से भाजपा के एमएलए रह चुके हैं।



बुधवार को दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको ने इन दोनों नियुक्तियों की घोषणा की। चोपड़ा पहले भी दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। गौरतलब है कि शीला दीक्षित के निधन के बाद दिल्ली कांग्रेस का अध्यक्ष पद खाली था। जल्द ही दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं ऐसे में सुभाष चोपड़ा के कंधों पर आम आदमी पार्टी और भाजपा के सामने कांग्रेस को खड़ा करने की बड़ी चुनौती होगी।

## खबर संक्षेप

### चिदंबरम ने हाईकोर्ट में दी जमानत अर्जी

**नई दिल्ली।** पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने आईएनएक्स मीडिया



धनशोधन मामले में जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट को अर्जी दी। आईएनएक्स मीडिया मामले में उन्हें मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी थी। उन्हें सीबीआई ने 21 अगस्त को गिरफ्तार किया था। चिदंबरम (74) अभी प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं। ईडी ने उन्हें 17 अक्टूबर को हिरासत में लिया था।

### पूर्व सीएम रावत के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश



रावत के खिलाफ विधायकों की खरीद-फरोख्त की कथित कोशिश में शामिल होने के लिए मामला दर्ज किया है। सीबीआई द्वारा 2016 की कथित वीडियो को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उस समय राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू था। वीडियो में रावत भाजपा में जाने वाले असंतुष्ट विधायकों के समर्थन को वापस पाने के लिये कथित रूप से पैसे को लेकर चर्चा करते हुए दिख रहे हैं, ताकि वह वापस सत्ता पा सकें।

## नजरिया



### जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने दी जानकारी

## कश्मीर में जाकिर मूसा का पूरा गैंग खत्म, जारी रहेगा बाकियों का सफाया

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आतंकी गतिविधियों को कुचलने के लिए उठाए जा रहे कदम और मौजूदा हालात पर विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि त्राल के राजपुरा में हुए एनकाउंटर में गजवत-उल-हिंद के तीन आतंकियों को मारे जाने के साथ ही इस आतंकी संगठन का खात्मा कर दिया गया है। साथ ही डीजीपी ने कहा है कि उग्रवाद पर नकेल कसे जाने से पाकिस्तान



बौखला गया है और सीजफायर उल्लंघन की आड़ में घुसपैठिये भेजने की कोशिश कर रहा है।

### मूसा के बाद खत्म हो रहा था संगठन

सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात त्राल के राजपुरा में मारे गए तीनों लोकल मिलिटेंट अंसार गजवत-उल-हिंद का हिस्सा थे। जाकिर मूसा के मारे जाने के बाद ग्रुप की कमांड हमीद ललहारी को दी गई। ललहारी तब से इसे चला रहा था और दूसरों को मोटिवेट किया था। उन्होंने बताया कि मूसा के बाद यह ग्रुप खत्म हो रहा था लेकिन ललिहारी ने युवाओं को मोटिवेट करके इसमें शामिल किया। इसी तरह मारे गए आतंकी नवीद और जुनैद इसमें शामिल हुए।

### किश्तवाड़ में हिज्बुल के दो सक्रिय सदस्य अरेस्ट

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में पुलिस ने हिज्बुल मुजाहिदीन के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से एक हिज्बुल के दुर्दांत आतंकवादी जहांगीर सरूरी का भाई है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में आतंकवादियों और



उनके सहयोगियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत मंगलवार रात पुलिस ने किश्तवाड़ के पहाड़ी क्षेत्र में छापे मारे और दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों की पहचान हिज्बुल आतंकी अमीन भट उर्फ जहांगीर सरूरी के भाई अब्दुल करीन और दच्चान पट्टी के दानिश नसीर के तौर पर की गई है। इस अभियान के तहत अब तक 12 आतंकवादियों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### दिवाली मिलन समारोह...



दिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित दिवाली मिलन समारोह में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को मिठाई खिलाते दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी।

## बीसीसीआई: गांगुली ने अध्यक्ष और जयशाह ने संभाला सचिव का पद

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को बुधवार को यहां आधिकारिक रूप से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया। बीसीसीआई ने ट्वीट करके गांगुली के अध्यक्ष बनने की जानकारी दी। बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए गांगुली का नामांकन सर्वसम्मति से हुआ है। सौरव गांगुली के अलावा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह को सचिव नियुक्त किया गया।



## शव यात्रा के दौरान हिंसा: 200 लोगों पर मामला दर्ज, 33 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में एक व्यक्ति की शव यात्रा के दौरान हिंसा होने पर पुलिस ने करीब 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया और 33 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को शव यात्रा में शामिल लोगों ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर हमला किया था और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पिछले हफ्ते, पंचाराम रिठाडिया (44) ने तिलक नगर रेलवे स्टेशन के निकट रेलगाड़ी के आगे कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

## कांग्रेस, झामुमो के 2-2 विधायकों समेत पांच विधायक भाजपा में शामिल

रॉंची। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले, मुख्यमंत्री रघुवर दास की उपस्थिति में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत समेत दो विधायकों, झामुमो के दो विधायकों, एक निर्दलीय विधायक तथा दो पूर्व अधिकारियों समेत 9 नेताओं ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री रघुवर दास तथा भाजपा के प्रदेश प्रभारी तथा बिहार के वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर यादव की उपस्थिति में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं लोहरदगा से विधायक सुखदेव भगत, बरही से कांग्रेस विधायक मनोज यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के बहरागोड़ा से विधायक कुणाल सारंगी, मांडू से झामुमो विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा नौजवान युवा मोर्चा के अध्यक्ष भानु प्रताप शाही प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हो गए।

### रेल मंत्री गोयल बोले- रेलवे ने परियोजना पर काम शुरू किया

## अब यात्रियों को ट्रेन में भी मिलेगा मुफ्त वाई-फाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले चार से पांच साल के अंदर रेल यात्रियों को ट्रेन में सफर के दौरान भी मुफ्त वाई-फाई की सुविधा मिल सकती है। रेलवे ने इस परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। फिलहाल देश के 5150 स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई की सुविधा मिल रही है। स्वीडन के दौरे पर गए रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अगले साल के अंत तक देश के सभी 6500 स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई की सुविधा मिल जाएगी। ट्रेन में वाई-फाई सुविधा देने के लिए रेलवे को काफी निवेश करना होगा। इसके लिए ट्रैक के किनारे टावर लगाने के





साथ ही ट्रेनों के अंदर भी राउटर जैसी मशीनों को लगाना होगा। इस तकनीक पर काम करने के लिए रेलवे को विदेशी तकनीक और निवेशकों का सहारा चाहिए होगा।

### सुरक्षा होगी पुख्ता

गोयल ने कहा कि हालांकि इससे सुरक्षा पुख्ता होगी, प्रत्येक कोच में लगे सीसीटीवी की लाइव फीड निकट के थाने में जाएगी। ट्रेनों के परिचालन के लिए सिग्नल सिस्टम भी अच्छी तरह से काम करेगा। अगले चार वर्षों में यह सुविधा चालू कर दी जाएगी। रेलवे का यह मानना है कि इससे यात्रियों का यात्रा के दौरान आसानी होगी। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे की योजना है कि कश्मीर से कन्याकुमारी को रेलवे से 15 अगस्त 2022 तक जाड़ दिया जाए।

### स्टेशनों का निजीकरण

गोयल ने कहा कि रेलवे स्टेशनों को भी निजी कंपनियों के सहयोग से बनाया जा रहा है। भोपाल के हबीबगंज स्टेशन का उदाहरण देते हुए रेल मंत्री ने कहा कि यह स्टेशन पूरी तरह से तैयार होने वाला है। इसके अलावा एनबीसीसी भी 12-13 स्टेशनों को तैयार कर रही है। इसमें घर, दुकानें और शॉपिंग मॉल का निर्माण किया जा रहा है ताकि रेलवे की आय को बढ़ाया जा सके। स्टेशन के अलावा रेलवे की खाली पड़ी जमीन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। खाली जमीन पर सोलर पार्क लगाए जाएंगे, ताकि रेलवे अपनी जरूरतों के हिसाब से इसका इस्तेमाल कर सके। अगले पांच सालों में रेलवे के सभी ट्रेकों का विद्युतीकरण हो जाएगा। गोयल ने कहा कि रेलवे की जमीन पर औद्योगिक पार्क बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। यह रेलवे के लिए बिल्कुल नया क्षेत्र है।रेलवे की कुछ जमीन को हमलोग चिन्हित करने की कोशिश कर रहे हैं। औद्योगिक पार्क बनने से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## लंदन के निकट ट्रक कंटेनर से मिले 39 शव

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में लंदन के निकट बुधवार को एक ट्रक के कंटेनर से 39 शव मिले है। यह ट्रक बुल्गारिया से आया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 39 लोगों की हत्या के संदेह में उत्तरी आयरलैंड के 25 वर्षीय एक चालक को गिरफ्तार किया गया है। एस्सेक्स, दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में उसके ट्रक से शव बरामद किये गये। एस्सेक्स पुलिस ने बताया कि लंदन के पूर्व एवेन्यू ग्रेयस में वाटरग्लेड औद्योगिक पार्क में घटनास्थल पर पाए गए लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। प्रारंभिक संकेतों से पता चलता है कि मृतकों में 38 वयस्क और एक



- बुल्गारिया से आया था ट्रक
- पुलिस ने 25 वर्षीय ट्रक चालक को किया गिरफ्तार

किशोर है। पुलिस ने बताया कि ट्रक बुल्गारिया से आया था और शनिवार को होलीहेड से होते हुए देश में घुसा। पुलिस के मुख्य अधीक्षक एंड्रयू मैरिनर ने बताया कि अधिकारी पीड़ितों की पहचान करने का प्रयास कर रहे हैं।

## मौत के पीछे सामने आई घरेलू कलह

# खून से लथपथ मिले पति-पत्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक के पुल प्रहलादपुर इलाके में घरेलू कलह ने दंपति की जान ले ली। पति-पत्नी के शव बंद कमरे में खून से लथपथ हालत में मिले। दोनों के शरीर पर चाकू से वार के निशान मिले हैं। मृतकों के नाम आकाश (32) व भावना (29) है। मृत महिला यूपी के खैर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अनूप की साली है। पुलिस की तहकीकात में पता चला कि दंपति का अक्सर झगड़ा होता था। केस की जांच स्थानीय पुलिस के साथ एसडीएम द्वारा भी की जा रही है। अभी तक की पुलिस जांच में यही बात निकलकर सामने आई है कि पति ने झगड़े में पत्नी पर चाकू से वार कर हत्या की, इसके बाद खुद भी चाकू मार जान दे दी। डीसीपी



- दोनों के शरीर पर मिले चाकू के निशान
- पत्नी की जान लेने के बाद खुदकुशी का शक

चिन्मय बिश्वाल ने बताया 22 अक्टूबर को दिन में 11 बजकर 26 मिनट पर एक पीसीआर कॉल मिली। पुलिस को बताया गया मकान नंबर 270/7 पुल प्रहलाद यहां पर सुसाइड हो गया है, एक आदमी और एक औरत मृत पड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच खून से लथपथ हालत में दंपति को अपोलो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ये दोनों एक ही कमरे में पड़े मिले थे। जांच के दौरान पुलिस को मौके से खून से सना एक चाकू मिला। पति-पत्नी के शरीर पर चाकू के निशान थे। पुलिस छानबीन में पता चला कि गली नंबर सात में यह दंपति किराए के मकान में रहता था। इनकी छह साल पहले शादी हुई थी। पांच साल का एक बेटा भी है। वह घटना वाले दिन सुबह स्कूल हुआ था। मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि दंपति के झगड़े की आवाज पर वह पड़ोस के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे थे। दरवाजा अंदर से बंद था। इस स्थिति में किसी तरह दरवाजे को तोड़ घर के कमरे में एंट्री की गई तो दोनों खून से लथपथ पड़े थे। वहीं सब्जी काटने वाला चाकू पड़ा हुआ था।

# केन्द्रीय विद्यालय की दो अध्यापिकाओं का झगड़ा पहुंचा थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के केंद्रीय विद्यालय विकासपुरी (हस्तसाल) में दो अध्यापिकाओं का झगड़ा स्कूल से निकलकर पहले घर तक पहुंचा और अब थाने जा पहुंचा है। बताया जाता है कि यह झगड़ा कई महीनों से चला आ रहा है। फिलहाल उत्तम नगर थाने में टीजीटी (विज्ञान) अध्यापिका रेखा चौधरी की शिकायत पर उनके ही विद्यालय की पीजीटी (रसायन विज्ञान) अध्यापिका अंजू बाला सहरावत के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उधर पीजीटी अध्यापिका सहरावत ने अपने ऊपर लगे सभी



आरोपों को निराधार व बेबुनियाद बताया है। पुलिस को दी शिकायत में रेखा चौधरी ने कहा है कि अंजू बाला सहरावत ने पहले उसे फोन पर गालियां दी। फिर उसके साथ क्लासरूम में पहुंचकर गाली-गलौच की गई। जब वह विद्यालय के स्टाफ रुप में गई तो वहां भी वह उससे

- पुलिस ने टीजीटी अध्यापिका की शिकायत पर दर्ज किया केस
- टीजीटी ने पीजीटी अध्यापिका पर लगाये गंभीर आरोप

उलझ गई। पूरे स्टाफ के सामने उन्हें अपशब्द कहे। उन्होंने इसकी शिकायत प्रधानाचार्य से भी की थी। लेकिन इसके बाद आए दिन रास्ता रोक कर जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। एक बार सीढ़ियों से तो दूसरी बार पीछे से धक्का मारकर गिराया भी गया। उन्होंने दोबारा लिखित शिकायत प्रधानाचार्य को दी। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि इसके बाद भी पीजीटी अध्यापिका का गुस्सा कम नहीं हुआ। वह टीजीटी अध्यापिका के घर के बाहर पहुंच गई और सरेआम उनके परिवार को झूठे केस में फंसवाने, बच्चों को उठवाने की धमकी दी।

रेखा चौधरी से बात की गई तो उनका कहना था कि विद्यालय में हुई हरकतों की शिकायत उन्होंने प्राचार्य से की हुई है, चूंकि अब बात उनके घर तक पहुंच गई है इसलिये पुलिस का सहारा लेना पड़ रहा है। इस केस में क्रॉस एफआईआर दर्ज हुई या नहीं जानने के लिये एसएचओ उत्तम नगर राजकुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने केस की जानकारी ही नहीं होने की बात कहीं। केस की महिला आईओ एसआई एकता ने किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करने से इंकार कर दिया। इस मामले में स्कूल प्रिंसिपल देवेंद्र कुमार का कहना था कि उनके द्वारा दोनों अध्यापिकाओं को बैठाकर समझाने बुझाने की कोशिश की थी। साथ ही उनका यह भी कहना था कि टीजीटी अध्यापिका रेखा चौधरी ने जो केस दर्ज करवाया है वह स्कूल के झगड़े को लेकर नहीं है। उन्होंने स्कूल के बाहर हुई घटना को लेकर दर्ज करवाया है।

## तिहाड़ से आते ही करने लगा चोरी और स्नेचिंग, चढ़ा हत्थे

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के स्पेशल स्टॉफ ने एक ऐसे शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है, जिसने तिहाड़ से बाहर आते ही वारदातों को अंजाम देने शुरू कर दिया था। गिरफ्तार आरोपी का नाम अनवर खान है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की स्कूटी जब्त की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (रोहिणी) एस डी मिश्रा ने बताया कि स्पेशल स्टॉफ को सूचना मिली थी कि आरोपी अनवर चोरी की स्कूटी को रोहिणी इलाके में बेचने के लिए आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में पुलिस को पता चला कि स्कूटी जहांगीर पुरी इलाके से चोरी की है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह गैंगरेप के एक मामले में आठ साल से जेल में बंद था। जेल से बाहर आते ही उसने वाहन चोरी, झपटमारी और लूट की कई वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## क्रिकेट पर सट्टा लगाने वाले नौ लोग पकड़े

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** दक्षिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने क्रिकेट पर सट्टा लगाने वाले नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 29 मोबाइल, चार लैपटॉप, एक डोंगल और 1 लाख 2900 रुपये नकदी मिली है। सटोरियों के नाम खानपुर निवासी महेन्द्र सिंह, योगेश, कालकाजी निवासी परमिंदर सिंह, दीपक नारंग, संगम विहार निवासी सचिन कुमार, वसीम, लाजपत नगर निवासी हरमिंदर सिंह, चिराग दिल्ली निवासी रोहित पांडे व अर्जुन सिंह बताये गये हैं। इनमें वसीम हत्या और छेड़छाड़ समेत तीन केस में शामिल रह चुका है। पुलिस के अनुसार आईसीसी टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए यूएई और होंगकॉग की टीम के बीच एक क्वालीफाईंग मैच हुआ था। 21 अक्टूबर को स्पेशल स्टाफ की टीम को सूचना मिली कि इस मैच पर कुछ लोग पुष्प विहार में सट्टा लगा रहे हैं। यह इनपुट मिलने के बाद पुलिस टीम ने एक घर पर दबिश डाली और नौ लोगों को दबोच लिया।

**खबर संक्षेप**

### लड़की से छेड़छाड़ करने वाले तीन आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर थाना पुलिस ने 16 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ मामले में तीन नाबालिग लड़कों को पड़का हैं। पुलिस की माने तो तीनों आरोपी लड़की पर कमैंट्स करते थे। पुलिस ने लड़की की शिकायत पर



मामला दर्ज कर तीनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक लड़की के साथ कुछ लड़के छेड़छाड़ कर रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एक एनजीओ द्वारा लड़की का एग्जाम कराया और उसका स्टेटमेंट लिया। इस दौरान लड़की ने बताया कि कुछ लड़के उस पर कोचिंग सेंटर से आते-जाते हुए कमैंट्स करते है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों को दबोच लिया।

### नहर में डूबे युवक का शव दो दिन बाद मिला

**नई दिल्ली।** बवाना स्थित मुनक नहर में सोमवार को नहाते हुए एक युवक डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक को तलाशा मगर उसका कुछ पता नहीं चला। बुधवार को युवक का शव नहर से मिला। मृतक का नाम रविंद्र है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम करीब छह बजे पुलिस को सूचना मिली कि मुनक नहर में रविंद्र नामक एक शख्स डूब गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की मदद से पुलिस ने रविंद्र को मंगलवार पूरे दिन तलाशा, मगर उसका कुछ नहीं पता चला। बुधवार सुबह पुलिस को हैदरपुर प्लांट फाटक में रविंद्र का शव पानी में तैरता हुआ मिला। रविंद्र, बवाना इंद्रा कॉलोनी, में सपरिवार रहता था। परिवार में पत्नी प्रिया और दो बेटियां है। प्रिया आठ माह की गर्भवती है। रविंद्र घर के पास ही मैकेनिक का काम करता था। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक घटना वाले दिन अपने मामा, चाचा के बेटे और दो दोस्तों के साथ नहाने गया था।

## ग्रीन पटाखे की आड़ में बेच रहा था प्रदूषण वाले पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ-वेस्ट जिले की स्पेशल स्टाफ और महेंद्रा पार्क थाना पुलिस ने एक ऐसे कारोबारी को गिरफ्तार किया है, जोकि ग्रीन पटाखे की आड़ में प्रदूषण वाले पटाखे बेच रहा था। गिरफ्तार कारोबारी का नाम पंकज कंसल है। पुलिस ने इसके पास से करीब 870 किलो पटाखे बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जांच में पुलिस को पता चला कि लाइसेंस आरोपी के पिता के नाम पर है, जबकि कारोबार उनका बेटा पंकज चला रहा था। महेंद्रा पार्क थाना पुलिस को

- पुलिस ने 870 किलो पटाखे किये जब्त

सूचना मिली कि ए-ब्लॉक, जहांगीर पुरी में ग्रीन पटाखें की आड़ में प्रदूषण वाले पटाखे बेचे जा रहे है। सूचना मिलते ही एसएचओ महेंद्रा पार्क और जिला स्पेशल स्टाफ की टीम ने रेड की। टीम में एसआइ हिमांशु, हेड कांस्टेबल नरसी और नरेंद्र शामिल रहें। टीम ने दुकान पर नकली ग्राहक भेजा और प्रदूषण वाले पटाखे मांगे। कारोबारी पंकज जैसे ही पटाखे निकालने गया, तभी पुलिस ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस की माने तो आरोपी ने खुले में ग्रीन पटाखे रखे हुए थे।

## जेबतराश को बस का पीछा कर दबोचा, 24 मामले सुलझे

**नई दिल्ली।** विकासपुरी इलाके में चार से पांच बदमाशों ने राह चलते एक शख्स की जेब से फोन निकाल लिया। बदमाशों की संख्या ज्यादा होने के कारण युवक कुछ नहीं बोल पाया। लेकिन जैसे ही जेबतराश बस में सवार हुये तो पीड़ित ने एक अन्य शख्स की मदद से पुलिस को कॉल कर दी। पीसीआर की गाड़ी बस के पीछे लग गई और बीच रास्ते में बस को रूकवाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। इस बीच जहांगीर पुरी निवासी रत्न सिंह नामक एक जेबतराश को दबोच लिया गया। जांच की गई तो पता चला कि आरोपी दो दर्जन मामलों में शामिल रह चुका है। डीसीपी पीसीआर शरत कुमार सिन्हा ने बताया 22 अक्टूबर की सुबह करीब पौने 10 बजे एक पीसीआर कॉल मिली। पुलिस को बताया गया कुछ लड़कों ने एक युवक का फोन निकाल लिया है। वे आगे चल रहे हैं, जिनकी संख्या चार पांच में है। इस वजह से वह कुछ नहीं कर पा रहा। पुलिस ने पीड़ित से मोबाइल पर बात की। जिसने बताया बदमाश उतम नगर की ओर जा रही बस रुट संख्या 972 में सवार हैं। वह उनका टैक्सी से पीछा कर रहा है। धौली पियाऊ, विकासपुरी रेड लाइट पर पुलिस ने बस को रूकवा लिया।

# कनॉट प्लेस में बदमाशों ने पुलिस पर की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कनॉट प्लेस शंकर मार्केट के पास बुधवार सुबह दो बदमाशों को शूटआउट में दबोच लिया गया। इनके एक साथी को बाद में दबोचा गया। इनका एक साथी हालांकि भागने में कामयाब रहा। इस गिरफ्तारी के बाद पिछले दिनों सीपी में हुई एयरफोर्स अधिकारी और रेसिंग साइकिल छीनने की वारदात सुलझाने का दावा पुलिस कर रही है। बदमाशों के नाम शास्त्री पार्क निवासी मोहम्मद सलीम (22), माता सुंदरी रोड निवासी मोहम्मद इस्माइल (24) व बदायूं यूपी निवासी सऊद (22) है। इनके पास से पुलिस ने

- शूटआउट में दो बदमाश धरे
- एक बदमाश बाद में धरा गया

दो देशी पिस्तौल, 10 मोबाइल, दो सोने की चेन, एक आई10 कार, दो पल्सर बाइक, एक रेसिंग साइकिल व 95 हजार रुपए बरामद किए हैं। डीसीपी ईश सिंघल ने बताया कि पिछले दिनों हुई वारदातों के बाद पुलिस को इनपूट मिला था कि बदमाश कनॉट प्लेस में आने वाले हैं।

पुलिस ने शंकर मार्केट के पास ट्रैप लगाया। एक बाइक को आते देख रुकने का इशारा किया, जिस पर बदमाश ने फंसने के डर से पुलिस पर गोली चला दी। एसआई अमित कुमार ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहन रखी थी, जिस वजह से उसे गोली का असर नहीं हुआ। जवाब में एसआई ने भी फायरिंग की, एक गोली सलीम के पैर में लग गई। जिसके बाद अन्य पुलिस स्टाफ ने उसे काबू में किया। इस्माइल ने भी पुलिस पर फायरिंग का प्रयास किया, लेकिन उससे पहले ही वह पुलिस की पैर में लगी गोली से घायल हो गया। वहीं घटनास्थल से थोड़ा आगे कार में बैठे दो बदमाशों में से एक को दबोच लिया गया व एक अन्य भागने में कामयाब रहा। तीसरे आरोपी का नाम सऊद पता चला। सलीम और इस्माइल पर आठ-आठ केस दर्ज मिले हैं।

# उधार के रुपए न देने पर घर में घुसकर की थी हत्या, एक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कंझावला थाना पुलिस ने 10 अक्टूबर को हुई साहिल राणा (24) की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में साहिल राणा (22) को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस की माने तो आरोपी ने रुपए के लेन देन के चलते साहिल की हत्या की थी। आरोपी प्रभावित होकर क्रिमिनल गैंग को ज्वाइन करना चाहता था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन और पांच कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके साथियों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा ने बताया कि गत 10 अक्टूबर देर रात पुलिस को सूचना मिली कि घेवरा गांव में एक युवक को गोली मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि कमरे और बाथरूम के बाहर खून के धब्बे थे। पुलिस को मौके से तीन खाली कारतूस के खोके और एक कारतूस मिला। पुलिस को पता चला कि युवक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस को मृतक के एक जानकार ने बताया कि उसने गोली चलने की आवाज सुनी थी। वह दौड़कर साहिल के कमरे में गया तो उसने तीन लोगों को वहां से भागते हुए देखा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच



- आरोपी के पास से तीन पिस्टल, पांच कारतूस बरामद

शुरू कर दी। आरोपी को पकड़ने के लिए एसीपी, बेगमपुर, रमेश कुमार की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। टीम में एसएचओ कंझावला, राम अवतार, एसआइ सुदेश, राजेंद्र, अनिल, हेंड कांस्टेबल सतीश और कांस्टेबल राजेंद्र और विनय मलिक मौजूद रहें। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने मृतक को पास से गोली मारी है और वह गांव का ही कोई सदस्य ही है। पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ कर आरोपी के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने आरोपियों के बारे में क्रिमिनल रिकॉड खंगाला तो पुलिस को पता चला कि आरोपी अपराधिक किस्म के है।

## दिल्ली के खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने 15 सौ किलो खोया किया जब्त

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** दिल्ली खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने बुधवार को मोरी गेट खोया मंडी में 1500 किलो खोया जब्त किया और नष्ट कराया। इस दौरान टीम ने 21 सेंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दीपावली और भैया-दूज के त्यौहार के अवसर पर दूध और खोया की मांग बढ़ जाने से नकली खोया और उससे बनी मिठाईयों के बिकने की संभावना रहती है। इसको

- टीम ने 21 सेंपल लेकर जांच के लिए लैब को भेजे



लेकरखाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने सोमवार से स्पेशल ड्राइव शुरू की है। इसके तहत ही एक सूचना पर फूड एंड सेफ्टी आयुक्त के निर्देश पर 13 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 7 फिल्ड असिस्टेंट के साथ मोरी गेट स्थित मावा मंडी पर छापा मारा। यहां पर टीम ने संदिग्ध 21 मावा के नमूने एकत्रित किए। यहां से पूरी दिल्ली में मावा की सप्लाई होती है। एक अधिकारी ने बताया कि सेंट्रल जिला अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी में की। सेंपल लेने के बाद मंडी के बाहर यूपी नंबर का ट्रंक कंटेनर खड़ा था। जिसमें करीब 1500 किलो रखा हुआ था। वह खोया सड़ गया था। इस खोया को टीम ने जब्त कर लिया। इस दौरान न तो ट्रक मालिक सामने आया और ना ही मावा पर किसी ने मालिकाना हक जताया। टीम ने मावा जब्त कर उसे नियमानुसार नष्ट करवा दिया। अधिकारी ने बताया कि विभाग दुकानों से सेंपल लगातार उठाता है, लेकिन दीवाली को देखते हुए इसे तेज कर दिया है। मिलावटखोरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

RAIPUR SMART CITY LIMITED

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

प्रबंधक (सिविल)
रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड
रायपुर (छ.ग.)

गुमशुदा लड़की की तलाश



थाना प्रभारी
थाना रानीला, दिल्ली
DP/2735/OD/19

गुमशुदा/अपहृत लड़के की तलाश



कृष्णा

दिल्ली में दर्ज है।

थानाध्यक्ष
थाना भारत नगर, दिल्ली
दूरभाष नं. 011-27301200, 27301800

**पीछा कर पुलिस ने बदमाश को दबोचा, धक्का-मुक्की में फाड़ी कांस्टेबल की वर्दी**

# पुलिसकर्मियों को फंसाने के लिए बदमाश ने फोड़ा सिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गांधी नगर इलाके में गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने एक घोषित बदमाश को पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस कर्मियों ने करीब एक किलोमीटकर तक आरोपी का पीछा कर उसे दबोचा। तो वह पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की करने लगा। इस दौरान उसने कांस्टेबल की वर्दी भी फाड़ दी और एक कांस्टेबल मामूली रूप से घायल हो गया। इतना नहीं आरोपी ने एक कांस्टेबल की बाइक पर अपना सिर मारकर फोड़ लिया और वह पुलिस कर्मियों को फंसाने की धमकी देने लगा। पुलिस ने किसी तरह उस



पर काबू पाया और उसे थाने लेकर गई। गिरफ्तार आरोपी का नाम सलीम है। आरोपी सलीम गांधी नगर थाने का घोषित बदमाश है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ सरकारी काम में बाधा, ड्यूटी के दौरान हमला करने, वर्दी

- गांधी नगर थाने का घोषित बदमाश है आरोपी

फाड़ने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गांधी नगर थाने में तैनात एसआइ मनीष चौधरी, हेड कांस्टेबल दीपक, कांस्टेबल सचिन और रॉकी बाइक पर इलाके में गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें जीटी रोड़ की तरफ से घोषित बदमाश सलीम आता हुआ दिखाई दिया।

टीम ने उसे आवाज देकर रुकने का इशारा दिया तो आरोपी वहां से भागने लगा। कांस्टेबल सचिन ने बाइक से पीछा कर आरोपी को ओवरटेक कर रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से एक देसी तमंचा मिला। आरोपी वहां से भागने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने लगा। इसी बीच आरोपी ने कांस्टेबल सचिन की बाइक में अपना सिर मारकर फोड़ लिया। इसके बाद आरोपी पुलिस कर्मियों को फंसाने की धमकी देने लगा। उसने कांस्टेबल रॉकी की वर्दी भी फाड़ दी और अपना हाथ छुड़ाकर एच-ब्लॉक की ओर गलत दिशा में भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने करीब एक किलोमीटर पीछा कर सलीम को पकड़ लिया। घायल सचिन को इलाज के लिए स्वामी दयानंद अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण: सीएम बोले-दिल्ली सरकार के मसौदे को ही केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

# हम चाहते हैं तत्काल लोगों के हाथ में रजिस्ट्री आ जाए : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली की 1797 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी पर खुशी जताई और इसके लिए केंद्र सरकार का धन्यवाद किया। प्रेसवार्ता में सीएम ने कहा कि 1797 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का केंद्रीय कैबिनेट का निर्णय स्वागत योग्य है। मैं केंद्र सरकार का दिल्ली की जनता के ओर से धन्यवाद करता हूं। पहले की सरकारे चुनाव से पहले वोट के लिए अवैध कॉलोनियों को वैध करने का वादा करती थीं। दिल्ली में हमारी सरकार बनने के बाद 12 नवंबर 2015 को तत्काल ही दिल्ली सरकार ने कच्ची कॉलोनियों को वैध करने का प्रस्ताव भेजा। बुधवार को कॉलोनियों को नियमित करने का निर्णय लिया गया है। हम स्वागत करते हैं। जुलाई 2019 में केंद्र सरकार ने हमें ड्राफ्ट बनाकर भेजा था। 24 जुलाई को हमने प्रस्ताव में 12 सुझाव के साथ उसे तत्काल ही केंद्र सरकार को भेज दिया। दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार के सभी प्रस्ताव को भी मान लिया था। यह लंबा संघर्ष था। अब लोग घर खरीद पाएंगे, रजिस्ट्री करा पाएंगे। लोन ले पाएंगे। हम चाहते हैं कि तत्काल लोगों के हाथ में रजिस्ट्री आ जाए। दिल्ली सरकार नोटिफिकेशन आते ही रजिस्ट्री खोल देगी।


### सरकार बनते ही प्रारंभ हो गया था विकास कार्य

सीएम ने कहा कि पहले कच्ची कॉलोनी में लोगों का जीना दुभर था। हमने सरकार बनते ही 6 हजार करोड़ खर्च कर पानी, नाली, सीवर व बिजली की व्यवस्था कर दी। कच्ची कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट पर भी नियम बना दिया गया है। अब सभी स्ट्रीट लाइट के रखरखाव की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार करेगी।

### जीएसडीएल के आधार पर नक्शे हो पास

सीएम ने कहा कि हमारा अब भी मानना है कि नक्शे को जीएसडीएल के आधार पर बने नक्शा के आधार पर रजिस्ट्री प्रारंभ हो जाए। डीडीए को नक्शा बनाने में समय लगेगा। मेरा मानना है कि सैटेलाइट के आधार पर नक्शा पास कर रजिस्ट्री कराई जाए। जिससे चुनाव से पहले लोगों के हाथ में रजिस्ट्री हो। हमारे पास सैटेलाइट के आधार पर नक्शे हैं। हमें इजाजत मिल जाए, हम चाहते हैं इस बिल को तत्काल नोटिफाइड किया जाए। जिससे रजिस्ट्री खुल जाए। हम यह भी चाहते थे कि कहीं वन विभाग या एएसआई की जमीन है तो उस छोटे से टुकड़े को छोड़कर अन्य जमीन पर बसी आबादी की रजिस्ट्री करने की अनुमति दी जाए। सीएम ने कहा कि मसौदा आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार के किन किन प्रस्ताव को माना है। सीएम ने कहा हमने सुना है लोकसभा में शीतकालीन सत्र में केंद्र सरकार बिल लाएंगे। हम चाहते हैं तत्काल उसे पास कर रजिस्ट्री खोल दी जाए। दिल्ली की सरकार ने जो मसौदा बनाया है, उसे ही केंद्र सरकार ने पास किया है।

'आज दिल्ली में एक नए युग का सूत्रपात हुआ है जिससे अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को बेहतर सामाजिक पर्यावास और विकसित बुनियादी ढांचा प्रदान करने में वांछित तेजी



आएगी। अब तेजी से विकास कार्य होगा और अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों का जीवन पहले से बेहतर बनाने के उद्देश्य से इन कॉलोनियों में सड़कों, पार्क, स्कूल, बिजली, जल आपूर्ति और सीवर लाइन जैसी नागरिक सुविधाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सकेगा। मोदी सरकार ने अपना वायदा निभाया है जबकि केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार कोई न कोई बहाना लेकर नियमितकरण की प्रक्रिया में देरी कर रही थी।'

डॉ. हर्ष वर्धन, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### मामूली होंगे रजिस्ट्री के रेट

सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने जिस दिन प्रक्रिया पूरी कर लेगी, उसके अगले दिन ही रजिस्ट्री का रेट तय कर दिया जाएगा।

### केंद्र को दिल्ली सरकार ने भेजे थे ये 12 सुझाव

1. केंद्र सरकार द्वारा 50 प्रतिशत बिल्डअप एरिया वाली शर्त जो कि 1 जनवरी 2015 तक रखी गई है, उसे बढ़ाकर 31 मार्च 2019 तक कर दिया जाए।
2. 30 जून 2019 तक जितने लोगों ने अपनी जीपीए करा ली है, उन सभी जीपीए को वैध माना जाए और उसी के आधार पर मालिकाना हक दिया जाए।
3. 1 जुलाई 2019 तक जितनी अनधिकृत कॉलोनियां दिल्ली में बन चुकी हैं, उनकी एक सूची बनाकर दूसरे चरण में उन सभी को पक्का घोषित किया जाए।
4. भविष्य में दिल्ली में कोई नई अनधिकृत कॉलोनी बनती है तो संबंधित एसडीएम, एसएचओ एवं एमसीडी अधिकारी को बर्खास्त किया जाए।
5. तीन कॉलोनियों सैनिक फार्म, महेंद्रू एन्क्लेव तथा अनंत राम डेरी कॉलोनियों को भी अन्य कॉलोनियों के साथ रेगुलराइज किया जाए।
6. इन कॉलोनियों को रेगुलराइज करते समय जो जमीन की और पेनाल्टी की कीमत अदा करनी होगी, उसके लिए बैंक से लोन की सुविधा की जाए।
7. डीडीए के नक्शे बनाने का इंतजार करने की बजाय, सेटेलाइट के जरिये बनाए गए मौजूदा नक्शों के आधार पर तुरंत रजिस्ट्रियां खोल दी जाएं।
8. यमुना बांध के अंदर जो कॉलोनियां आ रही हैं उन्हें रेगुलराइज ना किया जाए। यमुना बांध के बाहर वाली कॉलोनियों को रेगुलराइज कर दिया जाए।
9. अनधिकृत कॉलोनियों में जो सरकारी जमीनें हैं वह दिल्ली सरकार को द्वितीय कैटेगरी के मूल्य पर स्कूल, अस्पताल एवं अन्य सुविधा की चीजें बनाने के लिए हस्तांतरित कर दी जाएं।
10. अनधिकृत कॉलोनियों को नजदीकी कालोनियों में जो सबसे निम्न स्तर की कैटेगरी की कॉलोनी है उससे भी नीचे माना जाए।
11. जिन कॉलोनियों में फॉरेस्ट का पैच, एएसआई का पैच है, उसको छोड़कर बाकी कॉलोनी को रेगुलराइज कर दिया जाए।
12. अनधिकृत कॉलोनियों में लोगों ने दुकानें भी खोल रखी हैं, इन कॉलोनियों की जमीन को मिक्स यूज लैंड घोषित किया जाए।

## मोदी है तो मुमकिन है : विजेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को मोदी सरकार के अनधिकृत कालोनियों को नियमित किये जाने के निर्णय का हार्दिक स्वागत करते हुये कहा कि यह इन कॉलोनियों में रहने वाले 50 लाख लोगों के लिये वरदान सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय एक बार पुनः सिद्ध करता है कि मोदी है तो मुमकिन है। यह भाजपा के 2019 के लोकसभा चुनावी घोषणा पत्र का महत्वपूर्ण वायदा था। इसके महत्व को देखते हुये इसे 100 दिन के एजेंडा में सम्मिलित किया गया था।

### कॉलोनियों को नियमित करना ऐतिहासिकः गोयल

राज्यसभा सांसद विजय गोयल ने अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह एक एतिहासिक फैसला है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय कैबिनेट ने दिल्ली की 1797 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने पर मोहर लगा दी। गोयल ने कहा कि इससे अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले 50 लाख लोगों को फायदा होगा।

## चुनाव से पहले अनाधिकृत कॉलोनियों पर होती आई है जमकर राजनीति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अनाधिकृत कॉलोनियां राजनीतिक दलों के लिए एक ऐसा हथियार बन चुका है, जिससे चुनावी फसल आसानी से काटी जाती रही है। एक बार फिर दिल्ली विधानसभा चुनावों से ठीक पहले केंद्र की मोदी सरकार ने बुधवार को 1797 अनाधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत करने की बात कही है। अगर केंद्र सरकार इस पर अमल करती है तब भी इसे लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। लेकिन इन कॉलोनियों को नियमित किए जाने को लेकर श्रेय लेने की होड अभी से शुरू हो गई है। जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी इसे अब तक का सबसे बड़ा फैसला बता रहे है। वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसे अपनी जीत बताने में लग गए है, जबकि कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने इन कॉलोनियों को नियमित किए जाने का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शीला दीक्षित को दिया है।

### भाजपा-कांग्रेस और आप सभी सरकारों ने माना मुद्दा

दिल्ली में राज्य सरकार के गठन के समय 1993 में मुख्यमंत्री बने मदन लाल खुराना ने इन अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए तैयारी शुरू की। लेकिन समय के साथ पांच साल बीत गए और दिल्ली में कांग्रेस की शीला सरकार का आगमन हुआ। शीला दीक्षित ने इन कॉलोनियों में रहने वाले करीब 40 लाख लोगों का जीवन सुधारने के लिए नियमित करने की ओर कदम बढ़ाया। साल 2008 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले शीला दीक्षित सरकार ने केन्द्र सरकार के सहयोग से चुनावी फसल काटने के लिए करीब 1200 कालोनियों को नियमितीकरण का अस्थायी प्रमाणपत्र बांटने की घोषणा कर दी। उस समय दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने खुद अपने हाथों से इन कॉलोनियों को प्रोविजनल प्रमाणपत्र भी बांट दिए थे। इसका जबरदस्त असर हुआ और शीला दीक्षित सरकार की विदाई की घोषणाएं ध्वस्त होती देखी गई। अनधिकृत कॉलोनी के लोगों ने जमकर कांग्रेस को वोट डाले और भाजपा हाथ मलती रह गई। लगातार तीसरी बार शीला के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी। इसी तरह 2013 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले 2012 में शीला दीक्षित सरकार ने सितंबर 2012 में 895 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की अधिसूचना जारी कर दी थी। लेकिन 2013 में आम आदमी पार्टी ने पहली बार दिल्ली में सरकार बनाई। 2015 में दूसरी बार सरकार बनाने के बाद केजरीवाल सरकार ने भी इस मुद्दे पर काम किया।

### 1962-63 में पहली बार दिल्ली में हुई थी 103 कॉलोनियां नियमित

राजधानी दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों का बसना आज की बात नहीं है। देश की आजादी के बाद से ही लोगों का झुकाव दिल्ली की तरफ हुआ और अवैध कॉलोनियां बसने लगी। भारत सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से विकास के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का



गठन किया लेकिन अवैध कॉलोनियां आज तक बसना जारी है। तत्कालीन कांग्रेस की केंद्र सरकार ने सबसे पहले साल 1962-63 में दिल्ली में 103 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की थी। दूसरी बार वर्ष 1977 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने करीब 567 कॉलोनियों को नियमित करने का रास्ता साफ किया। उसके बाद से आज तक दिल्ली की अनाधिकृत कॉलोनियां बेहिसाब बसती भी गई और नियमति भी नहीं की गई। हर बार जब भी चुनाव आता है तो यह मुद्दा वोट पाने का सबसे बड़ा हथियार समझ लिया जाता है। विडंबना यह है कि चुनाव होने के बाद सत्तापक्ष और विपक्ष कालोनियों को नियमित करने की बात भूल जाते हैं।

### निवासियों के लिए सबसे बड़ी दीपावली : तिवारी

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा 1797 अनियमित कॉलोनियों को लेकर बुधवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लाखों लोग के लिए यह दीपावली आज तक की सबसे बड़ी दीपावली होने वाली है। दिल्ली के अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लोगों के लिए इससे बड़ी खुशी की खबर कोई नहीं हो सकती है। इस खुशी को दिल्ली को देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मैं हृदय से आभारी हूं। दिल्ली ने सभी सांसद भाजपा को दिये और भाजपा ने जो कहा वो किया और उसका प्रत्यक्ष प्रमाण आज दिल्ली की जनता के सामने है। तिवारी ने कहा कि दिल्ली की जनता को गुमराह करने वालों को केन्द्र सरकार के इस निर्णय से सबक लेना चाहिए। जनता के बीच झूठ का प्रचार प्रसार करने से और विज्ञापन पर करोड़ों रूपया खर्च करने से राजनीति नहीं की जाती है।

### अनधिकृत कॉलोनियां में पार्षद ने बांटी मिठाइयां

अनधिकृत कॉलोनियों को केंद्र सरकार की तरफ से हरी झंडी मिलने पर उत्तरी दिल्ली नगर निगम में पूर्व सदन नेता व निगम पार्षद जयेंद्र डबास के नेतृत्व में मुंडका विधानसभा के वार्ड नंबर-36 रानी खेड़ा में मिठाई बांटी गई और ढोल नगाड़ों के साथ नाच गाना हुआ। पार्षद डबास ने बताया कि देश के पीएम मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों के लिए इतना बड़ा कार्य किया है। अनधिकृत कॉलोनी के लोग बहुत खुश हैं और पीएम मोदी को बधाइयां दे रहे हैं।

### प्रदूषण : दक्षिणी निगम ने किए वीआईपी चालान

**नई दिल्ली।** दक्षिणी नगर निगम ने वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए एनजीटी एक्ट व एसडब्ल्यूएम बाइलॉज के तहत बड़ी कार्रवाई की। उल्लंघन के मामलों में 305 चालान जारी किए और 29 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दक्षिणी निगम के अनुसार दक्षिणी जोन ने सीबीआई हाउसिंग, एनबीसीसी और आहलूवालिया कांट्रेक्टर पर 5-5 लाख का जुर्माना लगाया गया।

## चाको के खिलाफ बोलने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पी सी चाको के खिलाफ प्रेसवार्ता में मोर्चा खोलने वाले पूर्व वरिष्ठ नेताओं को केंद्रीय अनुशासन कमेटी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। मोती लाल वोरा की अध्यक्षता वाली कमेटी ने पांचों नेताओं को नोटिस जारी करते हुए अगले 15 दिनों में जवाब देने को कहा है। इस मामले पर प्रदेश प्रवक्ता व नोटिस में शामिल जीतेंद्र कुमार जीतू ने कहा कि हमें पत्र मिला है जिसका जवाब देंगे। नोटिस में पूर्व मंत्री किरण वालिया मंगत राम सिंघल और रमाकांत गोस्वामी के अलावा पूर्व पार्षद रोहित मनचंदा तथा जितेंद्र कुमार जीतू के नाम शामिल है। बता दें कि गत 11 अक्टूबर को उपरोक्त सभी नेताओं ने सार्वजनिक रूप से प्रेसवार्ता करते हुए शीला दीक्षित के निधन के लिए प्रभारी चाको को जिम्मेदार बताया था। साथ ही सभी नेताओं ने चाको को हटाने की मांग करते हुए कई गंभीर आरोप लगाए थे।




### ऑड-ईवन को चुनौती देने वाली याचिका रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने वाहनों के लिये दिल्ली सरकार की प्रस्तावित ऑड-ईवन योजना को चुनौती देने वाली जनहित याचिका बुधवार को खारिज कर दी। वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को ध्यान में रखते हुये राष्ट्रीय राजधानी में चार - 15 नवंबर के बीच ऑड-ईवन योजना शुरू हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुये कहा कि याचिकाकर्ता ने अदालत में इसे दायर करने से पहले सरकार को कोई प्रतिवेदन नहीं दिया था। अदालत ने कहा कि याचिका योजना के विवरण के बिना ही दायर की गई। योजना को अभी आम आदमी पार्टी नीत दिल्ली सरकार ने अधिसूचित नहीं किया है।

### शाम छह बजे तक बंद हो जाएंगे जेएनयू स्कूल के गेट, आइसा ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** वाम दलों से संबद्ध अखिल भारतीय छात्र संगठन (आइसा) ने मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रशासन पर स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज का गेट शाम छह बजे तक बंद करने का फैसला लेकर छात्रों की आवाजाही की स्वतंत्रता को सीमित करने का आरोप लगाया। हालांकि, प्रशासन ने कहा कि यह कदम छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बाहरी लोगों के इमारत में प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है। आइसा ने दावा किया कि जेएनयू प्रशासन ने स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज (एसआईएस) के छात्रों को नोटिस भेजकर गेट बंद होने के समय के बारे में जानकारी दी। नोटिस के अनुसार, एसआईएस-1 का मुख्य द्वार शाम छह बजे बंद कर दिया जाएगा। छात्र संगठन ने कहा कि एसआईएस-1 और एसआईएस-2 की इमारतों को जोड़ने वाला गेट केवल शाम छह बजे से रात नौ बजे तक खोला जाएगा, ताकि छात्र पहचान पत्रों की जांच के बाद अध्ययन कक्ष में प्रवेश ले सकें।



## चिंतन

# भारतीय क्रिकेट को गांगुली से उमीदें

आज की तारीख में भारतीय क्रिकेट का डंका भले ही पूरी दुनिया में बज रहा हो पर बीसीसीआई की साख क्या है, ये किसी से छुपा नहीं है। लचर प्रबंधन, फिक्सिंग, सट्टेबाजी, भाई-भतीजावाद को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड खासा बदनाम रहा है। विश्व के सबसे धनवान खेल संस्थान पर उंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि देश की सुप्रीम कोर्ट ने दखल दिया, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हो पाया। रिश्तेदारवाद के दाग तो पहले से ही थे, लेकिन आईपीएल और मैच फिक्सिंग ने बीसीसीआई के दामन को पूरी तरह से काला ही कर दिया। फिक्सिंग का मामला सामने आते ही तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष एन श्रीनिवासन शक के घेरे में आ गए, उनके दामाद गुरुनाथ मयप्पन भी आरोप से घिर गए। उनके साथ आईपीएल टीम की मालिक अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर भी आरोप लगा। विवाद तब और बढ़ गया जब खिलाड़ियों पर तो गाज गिरी, लेकिन बड़े मगरमच्छ बच निकले। इससे न केवन खेल प्रेमियों को निराशा हुई बल्कि मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया। अदालत ने बीसीसीआई में सुधार के लिए लोढ़ा कमेटी का गठन किया और एक प्रशासनिक समिति भी बनाई। इस समिति की देखरेख में बीसीसीआई का नया संविधान लागू तो हुआ, गड़बड़ियां दूर नहीं हो पाई हैं। लोढ़ा समिति ने कहा कि इसमें नए चेहरों को मौका दिया जाए, बोर्ड पर काबिज सफेदपोशों ने एक बार फिर अपने ही रिश्तेदारों को विभिन्न इकाइयों में बैठा दिया है। दरअसल क्रिकेट से जुड़ा ग्लैमर, पैसा और पावर ताकतवर लोगों को आकर्षित करता है। यही कारण है कि नेताओं से लेकर उद्योपतियों तक सब इसमें अपना दबदबा बनाए रखना चाहते हैं। कुछ क्रिकेटर्स पर मैच फिक्सिंग के आरोप लगने के बाद यह यह साफ हो गया कि एक खास तबका बोर्ड पर काबिज है और क्रिकेट की आड़ में अपना धंधा करते हुए वह बोर्ड का इस्तेमाल दुधारू गाय की तरह कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद भी यह तबका उतना ही प्रभावी है, जितना पहले था। देश के युवाओं में क्रिकेट कर जुनून है, यह खेल हमारी रगों में बसता है। इसी का फायदा उठाकर धंधेबाज खूब फल-फूल रहे थे, लेकिन अब बदलाव की बयार आती नजर आ रही है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह दूसरी बार है कि भारतीय क्रिकेट का प्रबंधन एक खिलाड़ी के हाथ में आया है। पहले कप्तान महाराजकुमार थे, जो बीसीसीआई के अध्यक्ष बने। उन्होंने 1936 में तीन टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया था। वे 1954 में बीसीसीआई के अध्यक्ष बने थे। सुनील गावस्कर 2014 में अंतरिम अध्यक्ष चुने गए। विशेषज्ञ लगातार कहते आ रहे थे कि खेल संगठनों का दायित्व खिलाड़ी ही संभालें क्योंकि मैदान और उसके बाहर की चुनौतियों को वह बेहतर समझ सकते हैं। इसकी अरसे बाद शुरुआत देश के सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट से हो रही है। सौरव गांगुली बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष हैं। वे जुलाई 2020 तक इस पद पर बने रहेंगे। उनके साथ जय शाह ने सचिव और अरुण धूमल ने कोषाध्यक्ष का पद भी संभाल लिया। अपनी आक्रामक कप्तानी से भारतीय क्रिकेट में नए युग का आगाज करने वाले सौरव गांगुली हमेशा से ही जुनूनी क्रिकेटर रहे हैं। बतौर खिलाड़ी और फिर कप्तान वे हमेशा खेल के प्रति अपने समर्पण को लेकर चर्चाओं में रहे। जीत के बाद मैदान पर कमीज उतारना और टीम के विदेशी कोच ग्रे चैपल से तनातनी के कारण भी गांगुली खासे सुर्खियों में रहे, लेकिन खेल के प्रति उनकी निष्ठा पर कभी कोई उंगली नहीं उठा पाया। दादा के नाम से मशहूर सौरव गांगुली के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने, बोर्ड के कामकाज को पारदर्शी और प्रोफेशनल बनाने की है। उम्मीद करें कि वे इसमें कामयाब होंगे।

## सारा संसार



गोवा की सैर के लिए जा रहें हैं तो केवल प्रसिद्ध बीचों को ही नहीं बल्कि इन अंजान बीचों की सैर पर भी जरूर जाएं। क्योंकि इन्हीं जगहों से प्रकृति के सुंदर नजारें दिखते हैं। इन्हीं में से एक है बेतूल बीच। बेतूल बीच पणजी से लगभग 50 किमी दूर है। पणजी से करीब 38 किमी दूर बने इस बीच को सूर्यास्त के समय देखना दिलचस्प होता है। इसलिए इस बीच को सनसेट बीच भी कहा जाता है। दक्षिणी गोवा के इन बीचों पर बहुत ही कम भीड़भाड़ नजर आएगी लेकिन इन बीचों की सुंदरता जरूर आकर्षित करेगी।

## व्यंग्य

समीक्षा तैलंग

# आंसू की कीमत

मुख्यमंत्री के जन्म का समय निकट था। ऐसे समय अफवाहों के साथ-साथ, खुसुर-पुसुर का बाज़ार ज्यादा गर्म रहता है। गर्भसंस्कार के बीच मीठा खाया तो लड़का और तीखा चटपटा खाया तो लड़की, होने के कयास शुरू हो जाते हैं। चर्चा के लिए एक गंभीर विषय, सबको गुमराह करने के लिए काफी होता है। पक्ष हो या विपक्ष, सबको अपने अपने संकटमोचन याद आने लगते हैं। उनका विराट रूप किसी से छुपा नहीं। 130 करोड़ का छठा भाग भी विद्रोह करने के लिए काफी है। इसलिए उसके हर एक भाग पर चील की दृष्टि रखी जाती है। उनकी जरुरतों की लिस्ट तैयार कर स्पोंसर्स को भेज दी जाती है। ढिंढोरा पीटा जाता है कि किसके आंसू की क़ीमत सर्वाधिक है? जन्म का माहौल तैयार हो, इसके लिए जगह जगह बगैर घोड़े के रथ यात्रा निकाली जाती है। लोग, जन्म देने वाले का चेहरा देखने को टूट पड़ते हैं। चारों ओर सोहर गीत गए जा रहे हैं, लल्लन का गीत, लाली का गीत। पता नहीं किसका जन्म हो, बेटा-बेटी? अजन्मा अमरत्व को प्राप्त होता है, ऐसा सुना है। उस अमरत्व की पालनहार वो कुर्सी। दरअसल वो कुर्सी नहीं, पालना है। बच्चे के आगमन की खुशी में गर्भस्थ को बधाई गीत सुनाए जा रहे हैं। मंजीरे और ढोलक की थाप नहीं। कहीं पारम्परिक ढोल, मजीरे और सोहर गीत से ईश्वर का जन्म हुआ तो। लाउड आवाज में डीजे सुनाए जा रहे हैं। वो भी पारम्परिक सोहर में, बॉलीवुड गीतों का तड़का लगाकर। अगला, कुछ अभिनय सीखकर तो पैदा हो। उसे उतना ही कम समय लगेगा आगे बढ़ने। कहीं परंपरा के चक्कर में सहृदयी राजा का जन्म हुआ तो वो दूसरों की पहले सुनेगा फिर अपनी तिजोरी झांकेगा। दीन दुखियारे उसमें अपना लाल खोजने लगेंगे। बच्चा भी भावनाओं में बहकर, सच्चा बन जाएगा और आख़िर में वीरगति को प्राप्त हो जाएगा। ये हश्र हो, इसके पहले ही सब सई साट कर दिया गया है। डिलीवरी नॉर्मल हुई तो ठीक, वरना सीजेरियन का हाल, कर्नाटक भुगत चुका है। यदि जुड़वा की संभावना बनी तो राजस्थान और मध्यप्रदेश वाला हाल, हो सकता है। इसीलिए सभी चाहते हैं कि डिलीवरी तो नॉर्मल और जुड़वां रहित होनी चाहिए। इसके लिए कितने ही होम-हवन, अरदास, चादरें स्वाहा किए जा रहे हैं। सब धर्म सम-भाव का इससे उत्कृष्ट रूप, उसके बाद या पहले कभी देखने नहीं मिलता। इधर प्री-डिलीवरी शूट में सबने खुद को व्यस्त कर रखा है। इस शूट से पोस्ट-शूट में काफी आसानी हो जाती है। उधर वह टुकड़ी अब भी घर घर पहुंचकर क़ीमती आंसू का निर्धारण नहीं कर पा रही। कोई घर के लिए रो रहा है तो कोई राशन के लिए। खेती, किसानी पर फिसले आंसू भी कीमत अदायगी के दायरे में आ जाते हैं। उन्हें स्पोंसर्स के हाथों आंसुओं की कीमत चुकता हो जाती है। कुछ को बच्चे के जन्म के शगुन का वायदा कर दिया जाता है। शगुन की रस्म में वे भी शामिल हो जाते हैं, जो अपात्र हैं।



कमलेश

अवधेश कुमार

अहमदाबाद आतंकवाद निरोधी दस्ते ने आईएसआईएस के कुछ संदिग्धों को पकड़ा। इन्होंने बताया कि उनके निशाने पर कमलेश तिवारी भी हैं। उन आतंकवादियों ने तिवारी को नहीं मारा तो दूसरे ने मार दिया। यह एक खतरनाक विचार है। हम ये मानते हैं कि किसी मजहब के बारे में ऐसा बयान न दिया जाए जिससे किसी की भावना को चोट पहुंचे। किंतु किसी ने ऐसा किया भी तो उसकी ऐसी प्रतिक्रियाओं के लिए भी कानून के राज में कोई जगह नहीं हो सकती। इसे यदि नहीं रोका गया तो देश भयानक हिंसा की गिरफ्त में फंस जाएगा।

# हत्या के खतरनाक विचार

अगर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कमलेश तिवारी की हत्या सामान्य अपराध होता तो निश्चय ही मीडिया को इस तरह विस्तार से विश्लेषण करने की आवश्यकता नहीं होती। हालांकि किसी तरह की हत्या से कानून व्यवस्था पर प्रश्न तो खड़ा होता ही है, लेकिन यह हत्या अपने किस्म की अलग घटना है जो हर दृष्टि से भयभीत करती है। पुलिस की छानबीन से साफ हो गया है कि सूरत में हत्या की साजिश रची गई थी। हत्या की मुख्य वजह कमलेश तिवारी का 2015 में दिया गया बयान था जिसमें उन्होंने मोहम्मद पैगम्बर साहब पर कुछ टिप्पणियां की थीं। जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें कोई अभ्यस्त अपराधी नहीं है। 24 वर्षीय मौलाना मोहसिन शेख सलीम साड़ी की दुकान पर काम करता है, दूसरा 30 वर्षीय फैजान भी मजदूर ही है और तीसरा 23 वर्षीय रशीद अहमद खुर्शीद अहमद पठान दर्जी का काम करता है तथा कंप्यूटर का भी जानकार है। साजिश रचने के आरोप में मुफ्ती नईम काजमी और मौलाना अनवारुल हक को भी गिरफ्तार किया गया है।

मुफ्ती नईम काजमी और अनवारुल हक को तिवारी की पत्नी किरण की प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। बिजनौर में जमीयत शबाबुल इस्लाम के पश्चिम उत्तर प्रदेश के महासचिव और जामा मस्जिद बिजनौर के इमाम मौलाना अनवारुल हक ने कहा था कि बिजनौर जिले के उलेमाओं ने निर्णय लिया है कि अगर कमलेश तिवारी को सजा नहीं मिलती है तो वे उसे खुद सजा देंगे। काजमी और हक ने कमलेश का सिर कलम करने पर क्रमशः 51 लाख और 1.5 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था। 2015 में तिवारी की टिप्पणी के बाद बिजनौर, देवबंद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, लखनऊ सहित देश के कई हिस्सों में उग्र और हिंसक प्रदर्शन हुआ था। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के कालियाचक में तो हिंसा और आगजनी सबसे ज्यादा हुई। एक रैली निकाली गई जिसमें थाने को आग लगा दी। पुलिस की गाड़ी भी आग के हवाले कर दी गई थी। पूरा डरावना वातावरण बनाया गया। उस दौरान जैसे उत्तेजक बयान दिए गए और घोषणाएं हुई उनका मनोवैज्ञानिक असर तो होना ही था।

उत्तर प्रदेश पुलिस प्रमुख का कहना है कि अभी तक किसी आतंकवादी संगठन से इसका संबंध पता नहीं चला है। ऐसी वारदात करने के लिए किसी आतंकवादी संगठन का सदस्य होना जरूरी नहीं है। दुनिया में ऐसे अनेक आतंकवादियों ने आतंकवादी वारदात की हैं जिनका किसी संगठन से संबंध नहीं। वे केवल उस विचारधारा से प्रभावित थे। हमारे देश में 125 से ज्यादा लोग ऐसे गिरफ्तार हुए हैं जो आईएसआईएस के सदस्य नहीं थे, लेकिन उसके लिए काम कर रहे थे। आईएसआईएस ने एक बयान में कहा था कि जो जहां है उसे जो कुछ उपलब्ध है उसी से हमला करे। पत्थर है उससे मारो, चाकू से मारो, धक्के दे दो, संपत्तियों में आग लगा दो और कुछ नहीं कर सकते तो थूक दो। इससे प्रभावित होकर कई आतंकवादी हमले दुनिया में हुए हैं। हालांकि इस कांड में अलहिंद ब्रिगेड नामक एक संगठन



ने हत्या की जिम्मेदारी ली है, लेकिन उसके बारे में कुछ कहना कठिन है। अलहिंद ब्रिगेड के संदेश में कमलेश तिवारी की तस्वीर लगी हुई है। इसमें लिखा गया है कि कमलेश तिवारी राह का कांटा था और जो कोई भी इस्लाम और मुस्लिमों की तरफ उंगली उठाएगा, उसका यही अंजाम होगा। ज्यादा देखने के लिए तैयार हो जाओ। युद्ध शुरू हो गया है। अलहिंद ब्रिगेड कमलेश तिवारी की हत्या की जिम्मेदारी लेता है, जिसने इस्लाम और मुस्लिमों को बदनाम किया था। अभी इसकी जांच की जा रही है। किंतु 2016 में तिवारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में इस तरह की तकरीरें खुलेआम की गईं थीं।


यह तो संयोग कहिए कि सीसीटीवी फुटेज में दोनों हत्यारे दिख गए तथा वे सूरत की मिठाई का डिब्बा तथा रशीद घटनास्थल पर छोड़ गए। मिठाई दुकान के आस-पास की सीसीटीवी फुटेज की छानबीन से फैजान यूनुस भाई की पहचान की गई। उसके पकड़े जाने के बाद दो और पकड़ में आ गए। पुलिस ने रशीद पठान को वारदात का मास्टरमाइंड बताया है। हत्या में शामिल अशफाक, मोइनुद्दीन पठान उर्फ फरीदी तथा एक अन्य फरार है। सीसीटीवी फुटेज में दोनों हत्यारे भगवा रंग के कुर्ते में नजर आ रहे हैं। हालांकि अब वे भी पकड़ में आ जाएंगे। वे लखनऊ स्थित होटल खालसा में ठहरे थे। वहां से एक बैग और खून लगे भगवा एवं लाल कुर्ते मिले हैं। होटल मालिक के पास से आरोपियों की आईडी भी मिली है, जिस पर नाम के साथ सूरत का पता दर्ज है। यहीं से भगवा कपड़ा पहनकर वे कमलेश तिवारी से मिलने पहुंचे थे।

हत्या के बाद आरोपी दोबारा फिर इस होटल में आए। यहां कपड़े बदले और फरार हो गए। ये हत्यारे मिठाई के डिब्बे में हथियार छिपाकर लाए थे। दोनों ने कमलेश तिवारी से मुलाकात की। बातचीत के दौरान कमलेश के साथ चाय भी पी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कमलेश की मौत का कारण अधिक खून बहने के कारण शॉक ऐंड हैमरेज आया है। रिपोर्ट में चेहरे पर बाईं तरफ मांसपेशी तक गहरा घाव होने की बात है। ठुड्डी से 6 सेमी गले में नीचे धारदार हथियार का गहरा कट है। सामने की ओर गले पर नुकीली चीज से हमले का घाव है। सीने के दाहिनी तरफ चाकू से हमले के दो घाव और बाईं ओर नुकीली चीज से हमले के 7 घाव थे। बांए कंधे पर भी गहरा घाव था। मौके पर पुलिस को देसी पिस्तौल मिली। इससे दो फायर हुए थे। एक गोली कमलेश को लगी थी, जबकि दूसरी पिस्तौल के चैंबर में फंसी थी। इस तरह से हत्या बिना पूर्व प्रशिक्षण के नहीं की जा सकती है। चाकू से जिबह करने का उनका प्रशिक्षण था।

इसे आप आतंकवादी हमला न कहिए पर इसका चरित्र वही है, मजहबी कट्टरता के विचार से निकली हिंसा। दो साल पहले अहमदाबाद आतंकवाद निरोधी दस्ते एटीएस ने आईएसआईएस के कुछ संदिग्धों को पकड़ा था। इन्होंने पूछताछ में बताया था कि उनके निशाने पर कमलेश तिवारी भी है। उन आतंकवादियों ने तिवारी को नहीं मारा तो दूसरे ने मार दिया। यह एक खतरनाक विचार है। हम ये मानते हैं कि किसी मजहब के बारे में ऐसा बयान न दिया जाए जिससे किसी की भावना को चोट पहुंचे। किंतु किसी ने ऐसा किया भी तो उसकी ऐसी प्रतिक्रियाओं के लिए भी कानून के राज में कोई जगह नहीं हो सकती। इसे यदि नहीं रोका गया तो देश भयानक हिंसा की गिरफ्त में फंस जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार की इस मायने में आलोचना की जा सकती है कि इसने तिवारी को सुरक्षित करने के कदम नहीं उठाए। गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार संदिग्धों से मिली सूचना अवश्य उत्तर प्रदेश पुलिस को दी होगी। किसी की जान पर खतरा हो तो उसे कई तरीकों से सुरक्षित किया जाता है। लेकिन जिस विचारधारा से हत्या की गई वह तो सारे अस्वीकार्य पहलुओं को पीछे छोड़ जाता है।

## जीवन की अर्थवेत्ता




संकलित

दर्शन

जिन्दगी का मतलब जीने में है। जब हम डरे हुए रहते हैं, या किसी के कहे मुताबिक चलते हैं, या हम किसी की नकल करते हुए जिन्दगी जीते हैं तो क्या इसे जीना कहेंगे? क्या तब जिन्दगी लीने लायक होती है? किसी प्रमाणित व्यक्ति के रूप में स्थापित व्यक्ति का पिछलग्गू बनना, क्या जिन्दगी जीना है? जब हम किसी के पिछलग्गू बने होते हैं, चाहे वे महान संत, राजनेता या विद्वान हो, तब क्या हम जी रहे होते हैं? यदि आप ध्यानपूर्वक अपने तौर तरीकों को देखें तो आप पाएंगे कि आप किसी ना किसी के पदचिन्हों पर चलने के अलावा कुछ अन्य नहीं कर रहे हैं। दूसरों के कदमों पर कदम रखते हुए चलने के सिलसिले को हम जीना कह देते हैं और इसके अंत में हम यह सवाल भी करते हैं कि जिन्दगी की अर्थवत्ता क्या है? लेकिन यह सब करते हुए जिन्दगी का कोई मतलब नहीं रह जाता है। जिन्दगी में अर्थवत्ता तब ही हो सकती है जब हम कई तरह की मान्यताओं और प्रमाणिकताओं को एक ओर रख दें, जो कि सरल नहीं है। कहने का मतलब यह है कि हमारा पूरा जीवन ही धारणा आधारित होता है। धारणा यानी का मन का संस्कार। हम हमारे संस्कारों के द्वारा ही अचेतन रूप से संचालित होते रहते हैं। संस्कार मां-बाप के दिये या समाज-देश के द्वारा मिलने से संग्रहित किए हुए भी होते हैं। निश्चित ही पूर्वजन्म के संस्कार भी व्यक्ति के जीवन संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रारब्ध यही तो है। लेकिन हमारे हाथ में नए संस्कार बनाना भी है।

## सकरात्मक सोच से मिलती है सफलता



संकलित

प्रेरणा

हर व्यक्ति के जीवन में ऐसा वक्त जरूर आता है, जब वह सारी उम्मीदें खो देता है। उसके कुछ काम बिगड़ने लगते हैं, जिससे उसे लगता है कि अब कभी भी कोई काम सही नहीं हो सकता। ऐसे में धीरे-धीरे उसे नकरात्मकता घेर लेती है। वह हर काम को करने से पहले नकरात्मक पहलू सबसे पहले देखता है। अगर आप किसी परेशानी में फंसे हुए हैं, तो एक बात मन में डाल लीजिए कि कभी न कभी वक्त जरूर बदलेगा क्योंकि कोई भी समय स्थायी नहीं है। इस सत्य पर सोचने के बाद आप खुद को भरोसा मिलेगा कि बुरा वक्त टल जाएगा। आपकी परेशानियां आपके लिए चुनौती है और याद रखिए हर चुनौती को पार करने के बाद व्यक्ति मजबूत बन जाता है। ऐसे में आप अपने जीवन का कोई ऐसा वक्त याद करें, जिससे आप निकल चुके हैं। खुद को भरोसा दीजिए कि जब आप उस बुरे वक्त से निकल गए, तो यह परेशानी तो उसके आगे कुछ भी नहीं है। कभी-कभी ऐसा होता है कि हम किसी काम के होने से पहले ही उसके नतीजे को सोचकर घबरा जाते हैं। जैसे, कोई पढ़ाई में इस वजह से भी फोकस नहीं कर पाता कि अगर वह फेल हो गया, तो क्या होगा? ऐसे में नतीजे के बारे में ज्यादा न सोचें और भरोसा रखें कि आप कोई न कोई हल तलाश लेंगे। खुद को भरोसा दिलाएं कि हर व्यक्ति के जीवन में परेशानी आती है। नकरात्मकताओं से घिरने के बावजूद अपने दोस्तों या सकरात्मक लोगों से दूरी न बनाएं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### योजनाओं के प्रति गंभीरता नहीं

प्रदेश सरकार की नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना सराहनीय व अनुकरणीय है। यह प्रदेश और प्रदेशवासियों के हित में है। इस योजना से ग्रामीण अंचल की तस्वीर और ग्रामीणों की तकदीर बदल सकती है। लेकिन कुछ गैर जिम्मेदारों की वजह से गांवों में गोवंश की रक्षा व चरागाह की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। भूख की वजह से गोवंश की मौत हो रही है। शासन व प्रशासन इस ओर ध्यान दें।

*-एक नागरिक*

## करंट अफेयर

# धार्मिक उत्पीड़न पाकिस्तान की प्रवृत्ति बन गया है

धर्म के नाम पर उत्पीड़न पाकिस्तान की प्रवृत्ति बन गया है जहां हिंदू, ईसाई और अहमदिया जैसे अल्पसंख्यक समुदाय धार्मिक कट्टरपंथियों के हाथों उत्पीड़न झेलने पर मजबूर हैं। पाकिस्तानी-अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्ता ने अमेरिकी सांसदों को बताया कि कट्टरपंथी बेरोक-टोक उत्पीड़न कर रहे हैं। दक्षिण एशिया में मानवाधिकारों की स्थिति पर संसद की सुनवाई के दौरान सिंधी-अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्ता फातिमा गुल ने बयान दिया कि पाकिस्तान महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक देशों में से एक है। गुल ने कांग्रेस की उपसमिति को बताया, 1990 से, ईशनिंदा के नाम पर 70 लोगों की हत्या की गई और 40 लोग अभी उम्रकैद की सजा काट रहे हैं और फांसी की सजा पा चुके हैं। धार्मिक उत्पीड़न पाकिस्तान की मूक विशेषता बन गया है। हिंदू, ईसाई, अहमदिया और हजारा उन धार्मिक कट्टरपंथियों के निशाने पर आने वाले असहाय लोग हैं जो सरकार की बिना रोक-टोक के काम करते हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को मुख्यत: पाकिस्तानी सेना और इस्लामी चरमपंथी समूह चलाते हैं। अधिकतर पाकिस्तानी नागरिक हर रोज सरकारी अधिकारियों एवं उनके समर्थकों के हाथों दमन, हिंसा और धार्मिक एवं राजनीतिक उत्पीड़न सहते हैं।



## ऑफ बीट

# राजीव को मिला फेवरेट यू-ट्यूब सेंसेशन अवॉर्ड

हिमाचल के दुर्गम जिला सिरमौर के राजीव राजा को मुंबई में फेवरेट यू-ट्यूब सेंसेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय ग्लोबल बिजनेस अवॉर्ड-2019 समारोह में माधुरी दीक्षित ने राजीव राजा को सम्मानित किया। राजीव राजा के परदेशी एंथम और फ्रेंड्स एंथम को 600 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देखा है। राजीव पहले ऐसे गायक हैं, जिनके यू-ट्यूब पर पांच गाने हैं और सब्सक्राइबर 13,60,000 हैं। बिजनेस अवॉर्ड समारोह हर साल आयोजित किया जाता है। इसमें लगभग 100 से ज्यादा सेलिब्रिटी और बिजनेस आइकॉन को सम्मानित किया जाता है। मुंबई में हुए सम्मान समारोह में टीवी स्टार दृष्टि धामी, रोहित बोस रॉय, नकुल मेहता, आरुषि दत्ता, महक चहल और शेरा (टाइगर सिक्योरिटी) आदि नामी हस्तियों को अवार्ड दिए गए। राजीव राजा देश सहित दुबई, थाईलैंड, नेपाल सहित अन्य देशों में करीब 400 शो कर चुके हैं। यू-ट्यूब ने राजीव को गोल्डन प्ले बटन भी दिया है। वे एआर रहमान की डिजिटल कंपनी क्विक की टीम के साथ भी काम करते हैं। आपको बता दें कई यू ट्यूब स्टार को बड़ा फेम मिलता रहा है। हाल ही में वोग इंडिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर बॉलीवुड स्टार समेत कई हस्तियों की फोटो शेयर की है जो, अगले महीने वोग इंडिया मैगजीन के कवर पेज पर नजर आने वाले हैं।



## ट्रेंड

### उत्कृष्ट वार्तालाप



किसिंजर, पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और जॉन हावर्ड, सुश्री कोंडोलीज़ा राइस और श्री रॉबर्ट गेट्स के साथ लम्हें बिताए और कई मुद्दों पर गंभीर चर्चा भी हुई। इन वैश्विक विचार नेताओं के साथ उत्कृष्ट बातचीत करते हुए बहुत अच्छा लगा।

-नरेंद्र मोदी

### 26 लाख पर्यटक



स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार वल्लभभाई पटेल को राष्ट्र की श्रद्धांजलि का प्रतीक माना जाता है। महज 11 माह पहले ही इसका लोकार्पण हुआ और अब तक 26 लाख पर्यटक यहां पहुंचकर देश के महान क्रांतिकारी को नमन कर चुके हैं।

-पीयूष गोयल

### स्वदेशी अपनाएं



भारत मां के लाल जो सीमा पर आपके लिए खड़े हैं। उन्हें दुश्मनों की गोली से बचाने में अपनी सहभागिता निभाएं, आपसे कमाए हुए धन से दुश्मन बुलेट खरीद रहा है और आतंक फैलाया जा रहा है, जिम्मेदारी निभाएं, चलो स्वदेशी दिवाली मनाएं।

-बाबा रामदेव

### असाधारण की जरूरत



बाजार की मौजूदा मांग को पूरा करने के लिए सिर्फ उत्पाद बनाने की बात नहीं है। आवश्यकता नवीन इंजीनियरिंग की है जो कृषि, गतिशीलता और बुनियादी ढांचे में क्रांति ला सके। जरूर है साधारण होने से इनकार करके असाधारण करने की।

-निखिल नंदा

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### ओमान में ईस्टर्न ब्रिज अभ्यास का जायजा लेंगे वायुसेना प्रमुख

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल आर.के.एस भदौरिया ओमान का दौरा कर रहे हैं। यहां वह भारत और ओमान की वायुसेनाओं के बीच जारी द्विपक्षीय युद्धाभ्यास ईस्टर्न ब्रिज का जायजा लेंगे। वायुसेना के मुताबिक यह अभ्यास ओमान के मशीराह वायुसैन्य अड्डे पर आयोजित किया जा रहा है। इस बार ईस्टर्न ईगल अभ्यास का यह पांचवां एडीशन है। भारतीय वायुसेना की तरफ से उन्नत मिग-29 लड़ाकू विमान, हॉक विमानों के साथ हिस्सा ले रहे हैं। जबकि ओमान की रायल एयरफोर्स की तरफ से एफ-16 और यूरोफाइटर टाइफून हिस्सा लेंगे।

### त्रिपुरा में वाम नेता बादल चौधरी की गिरफ्तारी की माकपा ने निंदा की

**नई दिल्ली।** माकपा ने त्रिपुरा में पार्टी के वरिष्ठ नेता बादल चौधरी को अस्पताल से गिरफ्तार किये जाने की निंदा करते हुये कहा कि सरकार की इस तरह की दमनकारी कार्रवाई से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल नहीं टूटेगा। माकपा पोलित ब्यूरो की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि चौधरी को बिना किसी ठोस आधार के उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह अस्पताल में भर्ती थे और त्रिपुरा उच्च न्यायालय से उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पर आदेश पारित होना था। पोलित ब्यूरो ने पूर्ववर्ती वाममोर्चा सरकार में लोक निर्माण मंत्री रहे चौधरी के खिलाफ लगाये गये वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को गलत बताते हुये कहा कि निराधार आरोपों के चलते अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष में भर्ती नेता को गिरफ्तार करना सरकार के दमनकारी रवैये को दर्शाता है।

### साइबर ठगों ने लगाया प्रशिक्षु आईएएस को 6.10 लाख रुपये का चूना



**जयपुर।** साइबर ठगों द्वारा एक प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी को 6.10 लाख रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। ठगों ने अधिकारी के मोबाइल फोन पर फर्जी केवाईसी लिंक भेजा और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में उनके बैंक खाते से 6.10 लाख रुपये निकाल लिए। यह ठगी राजस्थान के उदयपुर जिले के झाड़ोल में उपखंड अधिकारी के पद पर तैनात डॉ. टी. शुभमंगला से हुई है। अधिकारी को 21 अक्टूबर को अपने मोबाइल फोन पर केवाईसी जानकारी अपडेट करने के लिए एक लिंक मिला। उन्होंने सोचा कि यह लिंक बैंक ने भेजा है। शुभमंगला ने बताया कि घटना सोमवार को हुई।

### निकाय चुनाव की आचार संहिता लागू होने का इंतजार : गहलोत



**जयपुर।** राजस्थान में स्थानीय निकायों में बिना चुनाव जीते नगरपालिका/नगरपरिषद के अध्यक्ष और मेयर पद पर सीधे चुने जाने के स्वायत्त शासन मंत्रालय के निर्णय पर चल रहे गतिरोध के बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि चुनाव के लिये आचार संहिता लागू होने का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को इस संबंध में कहा कि हम आचार संहिता लागू होने का इंतजार कर रहे हैं। गहलोत ने कहा कि हम इंतजार कर रहे हैं जल्दी आचार संहिता लागू हो और आप सब और हम सब उस काम में जुट जाए जल्दी।'

---

**कांग्रेस फिर एक्शन में: सोनिया गांधी ने कल बुलाई बैठक**

# 17 नेताओं का बनाया 'थिंक टैंक ग्रुप' मंदी से लेकर राम मंदिर पर होगी चर्चा

नई दिल्ली।

सम-सामयिक मुद्दों पर चर्चा कर पार्टी का स्टैंड तय करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी में एक 'थिंक टैंक' समूह बनाया है। इसमें 17 नेताओं को शामिल किया गया है जिसकी अध्यक्षता सोनिया गांधी करेंगी। इस समूह की पहली बैठक सोनिया गांधी के घर पर 25 अक्टूबर की सुबह बुलाई गई है। कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक काफी समय से इसकी जरूरत जताई जा रही थी। महत्वपूर्ण विषयों पर पार्टी का रुख तय करने के लिए एक विशेष कमिटी बनाई गई है। उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होनी है। मसलन आगामी संसद सत्र में सरकार नागरिकता संशोधन बिल ला सकती है, सरकार सरकारी कम्पनियों का विनिवेश कर रही है, मंदी का माहौल है, अयोध्या विवाद का फैसला आने वाला है। इन तमाम मुद्दों पर चर्चा होनी है। पार्टी के एक वरिष्ठ सूत्र ने ये भी बताया कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी के मुद्दे पर पूर्वोत्तर के कांग्रेस नेताओं की एक कमिटी अलग से बनाई गई है। एनआरसी कमिटी की बैठक 25 अक्टूबर की शाम होगी।



**5 और 15 नवंबर को केंद्र की नीतियों के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन करेगी कांग्रेस**

#### चुनाव नतीजों की समीक्षा भी होगी?

बहरहाल दो राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे 24 अक्टूबर को आएंगे. इसके ठीक अगले दिन होने वाली कांग्रेस थिंक टैंक की बैठक में चुनाव परिणाम की चर्चा होगी ही। नतीजे अगर अनुमानों के अनुसार ही आए तो दोनों राज्यों में कांग्रेस को निराशा हाथ लगेगी। ऐसे में 25 अक्टूबर की बैठक में इस निराशा से पार्टी को बाहर लाने की रणनीतियों पर चर्चा भी हो सकती है।

#### वरिष्ठ नेताओं को मिली प्राथमिकता

जहां तक नए थिंक टैंक समूह की बात है तो इसमें वरिष्ठ नेताओं को प्राथमिकता दी गई है साथ ही युवा नेताओं को इसमें शामिल किया गया है। अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस समूह में सोनिया गांधी के अलावा राहुल गांधी, मनमोहन सिंह, अहमद पटेल, केसी वेणुगोपाल, मल्लिकार्जुन खड़गे, गुलाम नबी आजाद, एके एंटनी, कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा, जयराम रमेश, अंबिका सोनी, अधीर रंजन, ज्योतिरादित्य सिंधिया, रणदीप सुरजेवाला, सुष्मिता देव, राजीव सातव हैं। जाहिर है जहां वरिष्ठ नेताओं को सोनिया गांधी के करीबी हैं वहीं युवा नेता राहुल गांधी की टीम से हैं। दिलचस्प ये है कि इस महत्वपूर्ण समूह में प्रियंका गांधी का नाम नहीं है।

---

### गर्भवती महिलाओं में आयुर्वेदिक दवाओं के प्रभावों पर अध्ययन किया जायेगा

**नई दिल्ली।** गर्भवती महिलाओं में रक्त की कमी एवं अन्य जटिलताओं से निपटने के लिए आयुर्वेदिक दवाओं के प्रभाव के बारे में सरकार एक अध्ययन करवाएगी। यह अध्ययन आयुष मंत्रालय के तहत आयुर्वेदिक अनुसंधान के लिए एक शीर्ष निकाय करेगी। केन्द्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) द्वारा किये जाने वाले इस अध्ययन में नौ हजार गर्भवती महिलाओं को शामिल किया जायेगा। सीसीआरएएस के उपमहानिदेशक डा.एन श्रीकांत ने बताया कि इस अध्ययन के तहत गर्भवती महिलाओं को जड़ी-बूटियों से बनी दवाइयां दी जायेंगी, एक विशिष्ट आहार पर रखा जायेगा। गर्भावस्था के दौरान सूजन, कब्ज, मतली, पीठ में दर्द और खून की कमी जैसी विभिन्न जटिलताओं को रोकने के लिए आवश्यकता के अनुसार एक विशेष जीवन शैली का पालन किया जायेगा। दो वर्षों तक चलने वाला यह अध्ययन महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के 30 प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों पर किया जायेगा।

---

**भूमि अधिग्रहण मामला**

## सुनवाई करने वाली संविधान पीठ से अलग नहीं होंगे न्यायमूर्ति मिश्रा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों को चुनौती देने संबंधी मामले की सुनवाई करने वाली संविधान पीठ से अलग नहीं होंगे। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाया और कहा कि मैं मामले की सुनवाई से अलग नहीं हट रहा हूं। कई किसान संगठनों और व्यक्तियों ने मामले की सुनवाई में न्यायमूर्ति मिश्रा के शामिल होने पर आपत्ति जताई थी। उनकी दलील थी कि न्यायमूर्ति मिश्रा पिछले साल फरवरी में शीर्ष अदालत द्वारा फैसला सुनाने वाली पीठ के सदस्य थे और इस मुद्दे पर वह पहले ही अपनी राय रख चुके हैं। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति विनीत सरण, न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट शामिल हैं। संविधान पीठ ने मामले से जुड़े पक्षों से उन कानूनी प्रश्नों के बारे में सुझाव देने के लिये कहा जिन जिन पर शीर्ष अदालत को फैसला करना होगा। इससे पहले, न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई के लिये गठित संविधान पीठ से न्यायमूर्ति मिश्रा को हटाने के प्रयासों को 16 अक्टूबर की निंदा करते हुये कहा था कि यह और कुछ नहीं बल्कि अपनी पसंद की पीठ चुनने का हथकंडा है और अगर इसे स्वीकार कर लिया गया तो यह संस्थान को नष्ट कर देगा।



- कई किसान संगठनों और व्यक्तियों ने मामले की सुनवाई में न्यायमूर्ति मिश्रा के शामिल होने पर आपत्ति जताई थी

---

**पीयूष गोयल का रेलवे के निजीकरण से इनकार**

## कहा- बस बड़े निवेश की जरूरत

नई दिल्ली

स्टॉकहोम में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मैंने भारतीय रेलवे के निजीकरण से इनकार किया है। यह भारत सरकार की इकाई बनी रहेगी। यह भारत के लोगों की सेवा करती रहेगी, लेकिन मैं रेलवे में बड़े निवेश पर विश्वास करता हूं।

पीयूष गोयल लगातार रेलवे के निजीकरण की खबरों से इनकार करते आए हैं। इससे पहले भी उन्होंने कहा था कि सरकार रेलवे का निजीकरण करने नहीं जा रही है।

पीयूष गोयल ने कहा था कि हमारा लक्ष्य रेलवे में बड़ी मात्रा में निवेश करना है, इसके लिए हम पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर विचार कर रहे हैं। साथ ही हम विश्व की आधुनिकतम तकनीक को रेलवे से जोड़ेंगे।

हाल ही में ऐसे खबरें आई थीं कि रेल मंत्रालय ने 50 रेलवे स्टेशनों और 150 ट्रेनों के निजीकरण के लिए एक कमेटी बनाई है। निजीकरण को लेकर नीति आयोग ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को एक खत भी लिखा। इस खत में 400 रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तर का बनाए जाने को लेकर जिक्र है।



#### क्या है मामला?

ऐसे खबरें सामने आई थीं जिनमें कहा गया था कि रेल मंत्रालय ने 50 रेलवे स्टेशनों और 150 ट्रेनों के निजीकरण के लिए एक कमेटी बनाई है। इस कमेटी में नीति आयोग के सीईओ, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन , डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स के सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री आफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के सेक्रेटरी और फाइनेंशियल कमिश्नर (रेलवे) शामिल हैं।

---

**शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा**

## महाराष्ट्र में बिना शिवसेना के गठबंधन के भाजपा सत्ता में आने में सक्षम नहीं होगी

**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत ने बुधवार को कहा कि भाजपा राज्य में उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के समर्थन के बिना सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी। राउत की यह टिप्पणी मतगणना की पूर्व संध्या पर आई है। इससे पहले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल ने यह दिखाया है कि भाजपा नीत राजग आराम से बहुमत के साथ सरकार बनाने में सक्षम होगी। शिवसेना नेता ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने जिन 124 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से वह 100 सीटों पर जीत हासिल करने में सक्षम होंगे। भाजपा ने राज्य में 164 सीटों पर चुनाव लड़ा है जिसमें छोटे सहयोगियों के उम्मीदवार भी शामिल हैं, जिन्होंने कमल छाप पर ही चुनाव लड़ा था। राज्य में कुल 288 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हुए हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा नीत गठबंधन को आराम से बहुमत मिलते हुए दिखाया गया है। इस गठबंधन में शिवसेना और अन्य पार्टियां शामिल हैं। हालांकि इनमें से कम से कम एक पूर्वानुमान में भाजपा को बहुमत के करीब दिखाया गया है।



- राउत ने कहा कि शिवसेना 100 सीटों पर जीत हासिल करने में सक्षम होंगी

---

## प्रदर्शन...



बेंगलुरु : उत्तर कर्नाटक के लिए धन की मंजूरी में देरी को लेकर भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती पुलिस।

---


**कर्नाटक में दोबारा आई बाढ़ पर येदियुरप्पा ने कहा**

## 'लगता है हमारे सितारे ही गर्दिश में'

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक में भारी बारिश की वजह से दोबारा आई बाढ़ पर मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने अपनी किस्मत को कोसा है। दो महीने पहले अगस्त में भी राज्य को बाढ़ की विभिषिका का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, '' पिछली बार भी भारी बारिश हुई थी। लगता है कि हमारे सितारे ठीक नहीं हैं।''

येदियुरप्पा ने कहा, कि एक बार फिर वर्षा के देवता (वरुण) नाराज हैं और कई जिलों में बारिश हो रही है। कई गांव डूब गए हैं। मौतें हो रही हैं और वाहन बाढ़ में बह गए हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जिला प्रशासन से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये बारिश से प्रभावित लोगों को सहायता मुहैया कराने के लिए चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो महीने पहले आई बाढ़ के दौरान लोगों की जिस तरह से मदद की गई थी उसी तरह की मदद इस बार भी की जाएगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक बेलगावी, बगलकोट, विजयपुरा, कलबुर्गी, गदग, हुबली, धारवाड़ और मैसूरू, कोडागू और चिकमगलूर जिले के हिस्से भारी बारिश की वजह से एक बार फिर आई बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं और कई जगह पर आवाजाही बाधित हुई है। उल्लेखनीय कि इस साल अगस्त में आई बाढ़ से कर्नाटक के 22 जिले प्रभावित हुए थे।



### ओडिशा में भारी बारिश, अगले तीन दिनों में और अधिक बारिश की आंशका

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से ओडिशा में मंगलवार से भारी बारिश हो रही है जिससे आम जीवन प्रभावित हो गया है। अगले तीन दिनों में और अधिक बारिश की आंशका जाहिर की गई है।मौसम केंद्र ने यहां बताया कि बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य में कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके और अधिक तेज होकर बृहस्पतिवार रात में तूफान में बदलने की आशंका है। मौसम केंद्र ने बताया कि इसके प्रभाव स्वरूप ओडिशा के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश शनिवार तक होगी जबकि कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि गंजम, गजपति, पुरी, जगतसिंगपुर, मल्कानगिरि, कोरापुट और रायगढ़ जिलों में बुधवार को सुबह भारी बारिश हुई और निचले इलाकों में पानी भरने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई।

### मानसून के बाद की बारिश से लातूर में जलाशय भरे

**लातूर।** मानसून के बाद की बारिश के चलते महाराष्ट्र के लातूर में जलाशय भर गए हैं, जिससे जल अभाव से जूझ रहे मराठवाड़ा जिले को राहत मिली है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि लातूर शहर के दो प्रमुख बैराज और मांजरा बांध में अगले साल 10 जून तक के लिए पर्याप्त पानी है। ऐसे में शहर को इस साल पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों की जरूरत नहीं होगी। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि लातूर में इस वर्ष बारिश कम हुई थी और सरकार स्थिति को सुधारने के लिए नई परियोजनाएं तत्काल शुरू करने की योजना बना रही थी। लेकिन मानसून के बाद की बारिश से हालात में सुधार हुआ है और अब तक इस तरह की परियोजनाओं की कोई आवश्यकता नहीं है। लातूर के निगम आयुक्त एम डी सिंह ने कहा कि बीते चार दिन की बारिश ने नागझारी और साईं बैराज में उनकी पूरी क्षमता का पानी भर दिया है।

---

**राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दिया निर्देश**

## जयपुर विकास प्राधिकरण गलता घाटी में निर्माण कार्य ध्वस्त करे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को 'गलता घाटी के पुनर्जीवन' के नाम पर किये गये निर्माण कार्य को ध्वस्त करने और उसे एक महीने के अंदर पूरा मलबा हटाने का बुधवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति रघुवेंद्र एस राठौड़ और विशेषज्ञ सदस्य सत्यवान सिंह गरबयाल ने राजस्थान के वन विभाग को गलता और जमडोली गांवों के सुरक्षित वनों का एक हिस्सा पौधा रोपण कर एवं अन्य तरीकों से बहाल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि गलता और जमडोली गांवों के समूचे वन क्षेत्र का पुनर्जीवन किया जाए और समूचे सुरक्षित वन क्षेत्र के चारों ओर चहारदीवारी खड़ी कर उसे सुरक्षित किया जाए। इस उद्देश्य के लिये एक समयबद्ध कार्य योजना बनाई जाए, जो सुरक्षित वन की कार्य योजना का हिस्सा हो सकती है, तथा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के दिशानिर्देशें के संदर्भ में उससे मंजूरी ली जा सकती है। अधिकरण ने मंत्रालय को भी निर्देश दिया कि वह वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई शुरू करे।



#### वन को पक्की चहारदीवारी से घेर कर 1,661 हेक्टेयर वन भूमि को एक द्वीप बना दिया गया

अधिकरण ने कहा 21 नवंबर 1961 को जारी अधिसूचना से यह स्पष्ट है कि जयपुर वन अधनियम, 1939 की धारा 20 के तहत 21 नवंबर 1961 को जारी अधिसूचना से यह स्पष्ट है कि गलता गांव के 766.72 हेक्टेयर वन क्षेत्र और जमडोली गांव के 894.375 वन क्षेत्र को सुरक्षित वन के रूप में अधिसूचित किया गया था, जिनमें से 51 हेक्टेयर सुरक्षित वन को गलता घाटी के पुनर्जीवन के लिये लिया गया। यह वन क्षेत्र अरावली पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। अधिकरण ने कहा कि गलता घाटी के पुनर्जीवन के नाम पर 51 हेक्टेयर सुरक्षित वन को पक्की चहारदीवारी से घेर कर 1,661 हेक्टेयर वन भूमि को एक द्वीप बना दिया गया। ऐसा कर अवरोधक खड़ा कर दिया गया जिससे वन्य जंतुओं की मुक्त आवाजाही बाधित हुई। जयपुर निवासी हेमंत कुमार राजोरिया की एक याचिका पर यह फैसला आया है। उन्होंने गलता घाटी के पुनर्जीवन को इस आधार पर चुनौती दी थी कि इसने इलाके में वन्यजीवन को प्रतिकूल असर डाला है।

---

## छग में नक्सल प्रभावित इलाकों में 33 जगहों पर खुलेंगी बैंक शाखाएं

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ मुलाकात के बाद केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने ऐलान किया कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में आम जनता के हित में 33 बैंक शाखाएं खोली जाएंगी और एटीएम भी लगाएं जाएंगे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ ने बघेल के आग्रह पर नया रायपुर में भारीय वायुसेना के एयरबेस स्थापित करने के स्वीकृति दी है। बघेल ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान बुधवार को केंद्रीय जनजाति मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा से भी मुलाकात कर आदिवासी योजनाओं के कार्यान्वयन पर जोर दिया।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह घोषणा बुधवार को यहां नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ हुई मुलाकात के दौरान किये गये अनुरोध के बाद की है।

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनाथ व अर्जुन मुंडा के अलावा कांग्रेस नेताओं से की मुलाकात

#### जल्द पूरी होंगी अधूरी सड़क परियोजनाएं

छत्तीसगढ़ राज्य में स्वीकृत और निर्माणधीन सड़क परियोजनाओं को जल्द पूरा किया जाएगा। वहीं बिलासपुर-पतरापाली मार्ग के निर्माण को जल्द शुरू करने के लिए आपातकालीन प्रावधान का इस्तेमाल होगा। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गो के अधूरे निर्माण का कार्य केंद्रीय स्तर पर परीक्षण के बाद जल्द ही शुरू किया जाएगा।

#### नक्सली क्षेत्रों के विकास के लिए मांगा 2474 करोड़

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा से की मुलाक़ात की और उनसे राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु 2474 करोड़ रुपये की राशि देने का आग्रह किया। इस मुलाकात के दौरान बघेल ने इसके लिए जनजाति क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर एक कार्ययोजना सौंपी।

#### पूर्व पीएम मनमोहन व सोनिया से मुलाकात

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करके उन्हें छत्तीसगढ़ में किसानों के हित में लिए गए फैसलों और किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### एम्बाप्पे ने तोड़ा मेस्सी का रिकार्ड, दागा 15वां गोल

**पेरिस।** पीएसजी के स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने चैंपियंस लीग में एक खास उपलब्धि हासिल कर ली। वे अब चैंपियंस लीग के इतिहास में सबसे कम उम्र में 15 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, इस मामले में उन्होंने मेस्सी को पीछे छोड़ दिया। 32 वर्षीय मेस्सी ने जहां 21 साल 289 दिन में यह उपलब्धि हासिल की थी वहीं एम्बाप्पे ने मात्र 20 साल 302 दिन में ही यह कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। मंगलवार को खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में क्लब ब्रूज पर 5-0 से जीत के साथ किलियन एम्बाप्पे ने पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए हैट्रिक बनाई।


### अभिषेक नायर ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

**मुंबई।** मुंबई के अनुभवी आलराउंडर अभिषेक नायर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। नायर ने बुधवार को कहा, 'मैं बिलकुल संतुष्ट हूं... इतने सारे क्रिकेटर मौजूद हैं जो उस स्थिति में पहुंचना चाहते हैं जिस स्थिति में मैं आज हूं। मैं इतने लंबे समय तक खेलने का मौका मिलने के लिए सिर्फ आभार ही जता सकता हूं। बेशक कोई मलाल नहीं है। मैं खुश हूं।' नायर ने सिर्फ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 36 साल के नायर ने 103 प्रथम श्रेणी मैचों में से अधिकांश मुंबई की टीम के लिए खेले और इस दौरान 5749 रन बनाए और 173 विकेट भी हासिल किए।



### श्रीकांत और कश्यप पहले दौर से बाहर

**पेरिस।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत और पारूपल्ली कश्यप फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के पहले दौर से हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत को चीनी ताइपे के दूसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन ने 15-21, 21-7, 21-14 से हराया। वहीं कश्यप हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 11-21, 9-21 से हार गए। भारत के समीर वर्मा को जापान के केंता निशिमोतो ने 20-22, 21-18, 21-18 से हराया। अब पुरुष एकल वर्ग में एकमात्र भारतीय शुभंकर डे बचे हैं जो दूसरे दौर में इंडोनेशिया के शेसार हिरेन आर से खेलेंगे।



### करिअर की सर्वश्रेष्ठ 11वीं रैंकिंग पर पहुंचे प्रणीत

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप में 36 साल बाद भारत को कांस्य पदक दिलाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीत बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ करिअर की सर्वश्रेष्ठ 11वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। किदांबी श्रीकांत एक स्थान नीचे दसवें नंबर पर खिसक गए हैं। फिटनेस समस्या से जूझ रहीं लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है। साइना नौवें नंबर पर आ गई हैं। विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने अपना छठा स्थान कायम रखा है।



### डाइबाला के दो गोल से जीता यूवेंटस

**तुरिन।** पाउलो डाइबाला के दो गोल की बदौलत यूवेंटस ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को चैंपियंस लीग के ग्रुप डी मैच में लोकोमोटिव मास्को को 2-1 से हराया। इटली की चैंपियन टीम एलियांज स्टेडियम में अंतिम 13 मिनट का खेल शुरू होने तक 0-1 से पीछे थी लेकिन डाइबाला ने 77वें मिनट में यूवेंटस को बराबरी दिला दी। डाइबाला ने इसके दो मिनट बाद एक और गोल दागकर स्कोर 2-1 किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।



क्रिकेट : जुलाई 2020 तक ही बीसीसीआई के अध्यक्ष पद पर रहेंगे गांगुली

# सौरव गांगुली बने बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष, 33 महीने के बाद सीओए भंग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने बुधवार को बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। वह दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का प्रमुख बनने वाला सबसे बड़ा नाम हैं।

गांगुली (47) को यहां बीसीसीआई की आम सभा की अगली बैठक तक अगले नौ महीने के लिए आधिकारिक रूप से भारतीय क्रिकेट के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति का 33 महीने का कार्यकाल भी खत्म हो गया। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, 'यह आधिकारिक है- सौरव गांगुली को औपचारिक रूप से बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना गया।' गांगुली की नियुक्ति को पिछले हफ्ते अंतिम रूप दिया गया। सीओए की नियुक्ति से पहले बोर्ड से जुड़े कुछ नाम एक बार फिर साथ काम करते नजर आएंगे।

### 2017 में हुआ था सीओए का गठन

जस्टिस एसए बोबडे और जस्टिस एल नागेश्वर राव की बेंच ने मंगलवार को सीओए को भंग करने का आदेश दिया था। बीसीसीआई के संचालन के लिए चीफ जस्टिस आरएम लोढ़ा की सिफारिशों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में सीओए का गठन किया था। सीओए के पूर्व प्रमुख विनोद राय ने कहा कि गांगुली के अध्यक्ष बनने से वे संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा काम संविधान को लागू करना था। हमने संविधान के अनुसार ही बीसीसीआई के चुनाव करवाए। हमें सुप्रीम कोर्ट के जो आदेश मिले थे, हम उनका ही पालन कर रहे थे।'





**महिम उपाध्यक्ष और जयेश संयुक्त सचिव**

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह को सचिव बनाया गया है। उत्तराखंड के माहिम वर्मा नए उपाध्यक्ष बने। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा वित राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर के छोटे भाई अरूण धूमल कोषाध्यक्ष जबकि केरल के जयेश जार्ज संयुक्त सचिव बने।*

### 19 साल पुराना ब्लेजर पहना, प्यारी सी मुस्कुराहट और चुटीला अंदाज

सौरव गांगुली बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद बेहद अलग अंदाज में प्रेस कांफ्रेंस करने पहुंचे। चेहरे पर वही आत्मविश्वास, वही प्यारी सी मुस्कुराहट और वही चुटीला अंदाज। मगर इस दौरान एक बात और थी जो बेहद खास थी। वो था सौरव गांगुली का ब्लेजर, जिसे पहनकर वो प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। ये कोई आम ब्लेजर नहीं था, सौरव गांगुली से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने खुलासा किया कि आखिर क्यों उन्होंने बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के अहम मौके पर ये ब्लेजर पहना। दरअसल, सौरव गांगुली प्रेस कांफ्रेंस में इंडियन टीम का ब्लेजर पहनकर पहुंचे थे। उनसे जब इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'ये ब्लेजर मैंने साल 2000 में पहना था जब मैंने पहली बार इंडियन टीम की कमान संभाली थी। इसीलिए मैंने बीसीसीआई का कामकाज संभालने के दिन वही ब्लेजर पहनने का फैसला किया। मुझे इसका अहसास नहीं था कि ये इतना ढीला आएगा।'

### सौरभ गांगुली के सामने 5 चुनौतियां, नौ महीने का कार्यकाल नहीं आसान

*पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली अगले 9 महीने के लिए आधिकारिक रूप से भारतीय क्रिकेट के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह 9 माह का कार्यकाल चुनौती भरा होगा। प्रमुख चुनौतियां इस प्रकार हैं।*

1. **आईसीसी में भारत की स्थितिः** यह किसी से छिपा नहीं है कि आईसीसी में भारत का रूतबा घटा है और आईसीसी के नए कार्यसमूह में बीसीसीआई का कोई प्रतिनिधि नहीं है। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के विश्वासपात्र सुंदर रमन द्वारा तैयार किए गए 'बिग थ्री माडल' (इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और भारत) के तहत भारत को आईसीसी के राजस्व आवंटन माडल में से 57 करोड़ डॉलर मिलने थे।
2. **टूर्नामेंटों को भारत में कर छूटः** गांगुली को बीसीसीआई की कानूनी और वित्तीय टीमों से पूरा सहयोग चाहिए होगा, क्योंकि आईसीसी भारत में सभी टूर्नामेंटों के लिए कर में छूट चाहती है। मनोहर ने यह भी चेतावनी दी है कि करों का सारा बोझ बीसीसीआई के सालाना राजस्व पर पड़ेगा।
3. **घरेलू क्रिकेटरों को भुगतानः** भारतीय क्रिकेट के बरसों पुराने इस मसले को गांगुली ने प्राथमिकता बताया है। फिलहाल प्रथम श्रेणी क्रिकेटर को एक लाख 40 हजार रुपये प्रति मैच मिलता है। सत्र के आखिर में बीसीसीआई अपने सालाना सकल राजस्व का 13 प्रतिशत भी उन्हें बांटता है। एक सत्र में एक घरेलू क्रिकेटर को 25 लाख रुपये मिल जाते हैं तो चार दिवसीय, लिस्ट ए और टी20 मैच खेलता है। एक टेस्ट के 15 लाख रुपये, वनडे के आठ लाख और टी20 के चार लाख रुपये मिलते हैं। इसके अलावा 20 क्रिकेटरों के सालाना केंद्रीय अनुबंध भी हैं।
4. **घरेलू ढांचाः** देवधर ट्रोफी, रणजी ट्रोफी का ढांचा और अंपायरिंग का स्तर। टूर्नामेंटों की संख्या में कटौती और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के लिए बेहतर पिचें।
5. **हितों का टकरावः** गांगुली खुद इसके भुक्तभोगी रहे हैं और अपने साथियों सचिन तेंडुलकर और वीवीएस लक्ष्मण को भी इस विवाद का सामना करते देखा है। इस नियम के तहत एक व्यक्ति एक ही पद संभाल सकता है।

### बीसीसीआई के अध्यक्षों की सूची

| | |
|---|---|
| 1 . आर ई ग्रांट गोवन | (1928-1933) |
| 2 . सर सिकंदर हयात खान | (1933-1935) |
| 3 . नवाब हमीदुल्लाह खान | (1935-1937) |
| 4. महाराजा के एस दिग्विजय सिंह | (1937-1938) |
| 5. पी सुब्बारायन | (1938-1946) |
| 6. एंथोनी एस डिमेलो | (1946-1951) |
| 7. जे सी मुखर्जी | (1951-1954) |
| 8 . विजयनग्राम के महाराजकुमार | (1954-1956) |
| 9. सरदार एसएस मजीठिया | (1956-1958) |
| 10.आर के पटेल | (1958-1960) |
| 11. एम ए चिदंबरम | (1960-1963) |
| 12. महाराजा एफ गायकवाड़ | (1963-1966) |
| 13. जेड आर ईरानी | (1966-1969) |
| 14. ए एन घोष | (1969-1972) |
| 15. पी एम रूंगटा | (1972-1975) |
| 16. रामप्रकाश मेहरा | (1975-1977) |
| 17. एम चिन्नास्वामी | (1977-1980) |
| 18. एस के वानखेड़े | (1980-1982) |
| 19. एनकेपी साल्वे | (1982-1985) |
| 20. एस श्रीरामन | (1985-1988) |
| 21.बी एन दत्त | (1988-1990) |
| 22. माधवराव सिंधिया | (1990-1993) |
| 23. आई एस बिंद्रा | (1993-1996) |
| 24. राज सिंह डूंगरपुर | (1996-1999) |
| 25. ए सी मुथैया | (1999-2001) |
| 26. जगमोहन डालमिया | (2001-2004) |
| 27. रणबीर सिंह महेंद्र | (2004-2005) |
| 28. शरद पवार | (2005-2008) |
| 29. शशांक मनोहर | (2008-2011) |
| 30. एन श्रीनिवासन | (2011-2013) |
| 31. जगमोहन डालमिया (अंतरिम) | (2013-2013) |
| 32. एन श्रीनिवासन | (2013-2014) |
| 33.शिवलाल यादव (अंतरिम) | (2014-2014) |
| 34. सुनील गावस्कर (अंतरिम) | (2014-2014) |
| 35.जगमोहन डालमिया | (2015-2015) |
| 36. शशांक मनोहर (इस्तीफा) | (2015-2016) |
| 37. अनुराग ठाकुर (बर्खास्त) | (2016-2017) |
| 38. सी के खन्ना (अंतरिम) | (2017-2019) |
| 39. सौरव गांगुली | (2019-वर्तमान) |

### 21 टेस्ट जिताने वाले कप्तान

भारत को अपनी कप्तानी में 21 टेस्ट जिताने वाले और 2003 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने वाले गांगुली को बंगाल क्रिकेट संघ के साथ प्रशासक के रूप में काफी अनुभव है। वह पहले इस संघ के सचिव और फिर अध्यक्ष रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 हजार से अधिक रन बनाने वाले गांगुली निश्चित तौर पर ईडन गार्डन्स के कार्यालय में बैठकर मिले अनुभव का इस्तेमाल बीसीसीआई के संचालन में करेंगे।

# तीनों प्रारूपों में शीर्ष दस में पहुंचने वाले तीसरे भारतीय बने रोहित शर्मा

एजेंसी ▶▶| दुबई

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में पारी का आगाज करने वाले रोहित शर्मा आईसीसी रैंकिंग में तीनों प्रारूपों में शीर्ष दस में पहुंचने वाले तीसरे भारतीय हो गए। रोहित से पहले कप्तान विराट कोहली और क्रिकेट को अलविदा कह चुके गौतम गंभीर यह श्रेय हासिल कर चुके हैं।

- रोहित से पहले कोहली और गंभीर यह श्रेय हासिल कर चुके

रोहित ने रांची में तीसरे टेस्ट में 212 रन की पारी खेली और 12 पायदान चढ़कर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 10वें स्थान पर पहुंच गए।




अजिंक्य रहाणे कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंचे। वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोहली और चेतेश्वर पुजारा के बाद तीसरे भारतीय हैं। मयंक अग्रवाल 18वें स्थान पर हैं। कोहली तीनों प्रारूपों में नंबर एक रह चुके हैं। वहीं गंभीर टेस्ट और टी20 में शीर्ष और वनडे में आठवें स्थान पर रहे थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और उमेश यादव क्रमशः 14वें और 21वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए जार्ज लिंडे 104वें स्थान पर हैं।

## परालंपिक चैंपियन वरवूर्ट ने इच्छामृत्यु से किया जीवन का अंत

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम की चैंपियन पैरालंपियन मरीकी वरवूर्ट ने मंगलवार को 40 बरस की उम्र में इच्छा मृत्यु के जरिए अपने जीवन का अंत कर लिया। बेल्जियम की मीडिया ने यह जानकारी दी। इच्छामृत्यु बेल्जियम में वैध है और इस एथलीट ने 2016 रियो खेलों के बाद घोषणा कर दी थी कि अगर बीमारी के कारण उनकी स्थिति और खराब होती है तो वह इस राह पर चल सकती हैं। मरीकी मांसपेशियों की बीमारी से पीड़ित थी जिससे उन्हें लगातार दर्द होता था, उनके पैरों में लकवा हो गया था और वह बमुश्किल सो पाती थी जिससे धीरे-धीरे उनका जीवन यातना की तरह हो गया था। मरीकी को 14 साल की उम्र में इस बीमारी का पता चला था जिसके बाद उन्होंने खेल को अपना जीवन बनाया और व्हीलचेर पर बास्केटबाल, तैराकी और ट्रायथलन में हिस्सा लिया।

# एमसीसी के मानद आजीवन सदस्य चुने गए ग्रीम स्मिथ

एजेंसी ▶▶| लंदन

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) का मानद आजीवन सदस्य चुना गया है। एमसीसी ने ट्विटर पर स्मिथ की सदस्यता की घोषणा की। एमसीसी ने मंगलवार को ट्वीट किया, 'एमसीसी आज दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज ग्रीम स्मिथ को क्लब का मानद आजीवन सदस्य चुने जाने की घोषणा करता है।'



दक्षिण अफ्रीका के लिए एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 6989 रन बनाने वाले स्मिथ ने इस सम्मान पर खुशी जताई। स्मिथ ने ट्वीट किया, 'क्रिकेट के मक्का और एमसीसी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद। वहां से जुड़ी मेरी बहुत सारी अच्छी यादें हैं तथा भविष्य में और यादें आपके साथ साझा करने को लेकर मैं रोमांचित हूं।' पूर्व बल्लेबाज स्मिथ 22 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के सबसे युवा कप्तान बने। उन्होंने टेस्ट मैचों में 27 शतक की मदद से 9265 रन बनाए। स्मिथ को 2004 में विजडन का साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने इंग्लैंड के 2003 दौरे पर पहले दो टेस्ट में दो दोहरे शतक लगाए। उन्होंने लार्ड्स पर दूसरे दोहरे शतक के दौरान इस मैदान पर किसी विदेशी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक स्कोर का रिकार्ड बनाया।

## स्टर्लिंग की '11 मिनट में हैट्रिक'

**मैनचेस्टर।** रहीम स्टर्लिंग की 11 मिनट में दागी हैट्रिक की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने मंगलवार को चैंपियंस लीग में अटलांटा को 5-1 से हरा दिया। रुस्लान मालिनोवस्की ने पहले हाफ में ही पेनल्टी पर गोल दागकर अटलांटा को बढ़त दिला दी लेकिन इतिहाद स्टेडियम में सर्जियो एगुएरो ने मध्यांतर से पहले दो गोल दागकर सिटी को 2-1 से आगे कर दिया। स्टर्लिंग ने एगुएरो के दोनों गोल में मदद की। स्टर्लिंग ने मध्यांतर के बाद 11 मिनट में तीन गोल दागकर सिटी की 5-1 से जीत सुनिश्चित की। उनकी सत्र की यह दूसरी हैट्रिक है।



# बजरंग के कोच बने रहेंगे शाको डब्लूएफआई ने किया अनुबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआई) ने बजरंग पूनिया के कोच शाको बेनटिनिडिस को 2020 टोक्यो ओलंपिक तक का अनुबंध पेश किया और साथ ही दीपक पूनिया और रवि दहिया की मदद के लिए रूस के मुराद गाईदारोव को नियुक्त किया।

बेनटिनिडिस जेएसडब्लू से जुड़े हैं और डब्लूएफआई हमेशा से जार्जियाई की सेवा लेने में दिलचस्पी रखता था। बेनटिनिडिस ने पहले पेशकश ठुकरा दी थी लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा था और उन्हें महासंघ के सामने झुकना पड़ा क्योंकि



डब्लूएफआई उनसे खुश नहीं था और बजरंग के लिए नया कोच रखने पर विचार कर रहा था। विलफ्रेडो गार्सिया से भी कुछ दिन तक कोशिश की गयी लेकिन हाल में नूर सुल्तान में तीसरा विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले बजरंग क्यूबाई कोच को रखने के पक्ष में नहीं थे।

### भारत ने विश्व सैन्य खेलों में दो और स्वर्ण पदक जीते

**वुहान (चीन)।** पैरा एथलीट अनीश कुमार सुरेंद्रन पिल्लई और वीरेंद्र ने बुधवार को सातवें सीआईएसएम विश्व सैन्य खेलों की अपनी स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया जिससे भारत ने दो और स्वर्ण पदक अपने खाते में डाले। पिल्लई ने पुरूषों की दिव्यांग शाट पुट आईएफ 1 वर्ग में 12.76 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से स्वर्ण जीता। इसमें पेरू के फेलिपा कार्लोस ने रजत और नीदरलैंड के सेवर्स रोबर्ट ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वीरेंद्र ने पुरूषों की दिव्यांग शाट पुट आईएफ 5 वर्ग में 11.43 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से पहला स्थान प्राप्त किया। इसमें फ्रांस के मारफिल निकोलस दूसरे और इटली के सुमा पिरो रोजारियो तीसरे स्थान पर रहे। भारत 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल पुरूष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक से चूक गया जिसे योगेश सिंह, गुरप्रीत सिंह और ओंकार सिंह की तिकड़ी तीसरे स्थान पर रही।

सीओए में कार्यकाल के लिए बीसीसीआई ने पास की थी राशि

# गुहा ने 40 लाख का भुगतान लेने से किया इनकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जाने माने इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने बुधवार को कहा कि प्रशासकों की समिति में अपने कार्यकाल के लिए उन्होंने भुगतान की उम्मीद नहीं की थी और सीओए की पहली बैठक में ही इसे स्पष्ट कर दिया था। गुहा ने 40 लाख रुपए का भुगतान लेने से इनकार कर दिया जबकि सीओए के एक अन्य पूर्व सदस्य बैंकर विक्रम लिमये ने भी भुगतान लेने से मना कर दिया। लिमए को 50 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान होना था।

गुहा ने बताया, 'मैंने पहली बैठक में ही कह दिया था कि मैं किसी भुगतान की उम्मीद नहीं कर रहा और ना ही भुगतान चाहता हूं।' लिमए ने भी इसी कारण से





भुगतान लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने सीओए की पहली बैठक में ही बता दिया था कि मैं इसके लिए कोई मुआवजा नहीं लूंगा। यह मेरी मौजूदा स्थिति नहीं है, मैंने इसे पहले ही स्पष्ट किया था... यह निजी चीज थी।

इसका किसी अन्य चीज से कोई लेना देना नहीं है।' बुधवार को बीसीसीआई के संचालन से हटने वाली विनोद राय की अगुआई वाली प्रशासकों की समिति में शुरुआत में चार सदस्य थे जिन्हें उच्चतम न्यायालय ने 30 जनवरी 2017 को नियुक्त किया था। गुहा ने निजी कारणों से जुलाई 2017 में इस्तीफा दिया जबकि लिमये भी इसके बाद अपना पद छोड़कर नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ बने।

## विवादः बीसीबी और खिलाड़ियों के बीच मध्यस्थता करेंगे मुर्तजा

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वनडे कप्तान मशरेफ मुर्तजा को देश के क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेटरों के बीच जारी विवाद को निपटाने के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया है। रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ी बुधवार की शाम को बीसीबी अधिकारियों से मिलेंगे। बीसीबी सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा कि कल शाम की मीडिया कांफ्रेंस के बाद मैने एक सीनियर खिलाड़ी से बात की जिसने मुझे बताया कि आपस में बात करके वे मुझसे संपर्क करेंगे। हमें शाम पांच बजे मुलाकात की उम्मीद है। बीसीबी निदेशक महबूबुल अनम के हवाले से कहा कि हसीना ने मुर्तजा से इस बारे में बात की है। वह क्रिकेट हालात के बारे में ताजा जानकारी चाहती थी।

### फिका ने किया बांग्लादेशी क्रिकेटरों का समर्थन

**ढाका।** क्रिकेट के वैश्विक खिलाड़ी प्रतिनिधि समूह ने वेतन और अन्य फायदों को लेकर बांग्लादेश में जारी खिलाड़ियों की हड़ताल का समर्थन किया है। खिलाड़ियों ने सोमवार को हड़ताल शुरू की और इसमें राष्ट्रीय टीम के कई सदस्य भी शामिल हैं जिससे नवंबर की शुरुआत में होने वाले बांग्लादेश दौर पर संकट के बादल छा गए हैं। फिका के कार्यकारी अध्यक्ष टोनी आयरिश ने कहा, 'बांग्लादेश में खिलाड़ियों के एकजुट होने के लिए चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद ऐसा हुआ और यह स्पष्ट संकेत है कि महत्वपूर्ण क्रिकेट देश में खिलाड़ियों के साथ जिस तरह का बर्ताव किया जाता है उसमें बदलाव की जरूरत है।'

## दस लाख प्रदर्शनकारियों के साथ पहुंचेंगे इस्लामाबाद

# फजलुर रहमान ने कहा- कुर्सी छोड़ दो इमरान

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद



■ जेयूआई-एफ का आजादी मार्च 27 अक्टूबर से होगा शुरु

पाकिस्तान के विपक्षी दल जमीयते उलेमाए इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने कहा है कि वह इमरान सरकार को हटाने की अपनी मुहिम में न तो कोई धरना देंगे और न ही शहरों की घेराबंदी करेंगे। उनका आंदोलन नई-नई रणनीतियों के साथ तब तक जारी रहेगा जब तक प्रधानमंत्री इमरान खान की 'सेलेक्टेड सरकार' (जनता द्वारा सही तरीके से निर्वाचित न होकर सेना जैसे सत्ता प्रतिष्ठान द्वारा चयनित) इस्तीफा नहीं दे देगी। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार मौलाना फजल ने यह बात विदेशी संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कही। जेयूआई-एफ का आजादी मार्च 27 अक्टूबर से देश के अलग-अलग हिस्सों में शुरू होगा और 31 अक्टूबर को राजधानी इस्लामाबाद में प्रवेश करेगा। फजलुर रहमान ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम दस लाख प्रदर्शनकारियों के साथ इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अगर हम इस्लामाबाद पहुंचने में सफल रहे तो हमारी कार्ययोजना अलग होगी और अगर हमें इस्लामाबाद में प्रवेश करने से रोका गया तो फिर हमारा मार्च जेल भरो आंदोलन में बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका आंदोलन संविधान के दायरे में होगा। वे लोग सरकार को हटाने के लिए न तो धरना देंगे और न ही शहरों का घेराव करेंगे, जैसा कि इमरान खान ने विपक्ष में रहने के दौरान नवाज शरीफ सरकार के खिलाफ किया था। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी एजेंसी से टकराव का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने देश के संस्थानों से निष्पक्ष रहने का आग्रह करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान को सरकार का अंध समर्थन नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी ने रिकार्ड तोड़ दिया है। इमरान सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। लेकिन, मीडिया में ही प्रकाशित एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि जेयूआई-एफ ने अपने सदस्यों को जिस मात्रा में खाने-पीने की चीजें व अन्य सामानों के साथ आने का निर्देश दिया है, उससे लगता है कि पार्टी लंबे समय तक धरना देने के मूड में है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मौलाना फजल ने कहा कि इमरान खान की सेलेक्टेड सरकार को हटाकर नए निष्पक्ष चुनाव कराए जाने चाहिए।




## रेमो डिसूजा पर लगा 5 करोड़ की ठगी का आरोप, गैर जमानती वारंट जारी

**नई दिलली।** बॉलीवुड के मशहूर कोरियोग्राफर एवं फिल्म डायरेक्टर रेमो डिसूजा के खिलाफ गाजियाबाद कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। रेमो पर एक व्यक्ति के साथ 5 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई के दौरान गैरहाजिर रहने पर गाजियाबाद कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। ये मामला गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र का है जहां के रहने वाले सतेंद्र त्यागी ने रेमो पर करोड़ों रुपए के गबन का आरोप लगाया है। सतेंद्र त्यागी का आरोप है कि रेमो ने फिल्मों में पैसा लगाने के नाम पर उनसे तकरीबन 5 करोड़ रुपये ठग लिए। जानकारी के मुताबिक सन 2013 में सतेंद्र त्यागी मुम्बई में रेमो डिसूजा से मिले और तभी उन्होंने उन्हें ये पैसे भी दिए थे। सतेंद्र का आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर रेमो डिसूजा ने उन पर जानलेवा हमला भी करवाया था। अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बाद सन 2016 में उन्होंने कोर्ट के आदेश पर रेमो डिसूजा के खिलाफ मुकदमा लिखवाया जिसकी सुनवाई गाजियाबाद जिला न्यायालय में चल रही थी।

## पुलिस ने जम्मू रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा अभ्यास किया

जम्मू। दिवाली और जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के मद्देनजर आम सुरक्षा अलर्ट के बीच स्थानीय पुलिस ने रेलवे की विभिन्न सुरक्षा इकाइयों के साथ मिलकर बुधवार को जम्मू रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा अभ्यास किया। उप मंडलीय पुलिस अधिकारी अनिता पवार ने जम्मू रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। इससे पहले, सुरक्षा कर्मियों ने रेलवे स्टेशन परिसर और पटरियों पर सुरक्षा जांच की थी, जिसमें खोजी कुत्तों को भी लगाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस खोज अभियान में, स्थानीय पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और भारत तिब्बत सीमा पुलिस के कर्मियों ने हिस्सा लिया था। त्यौहारी मौसम होने की वजह से जम्मू रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की संभावना है। पवार ने राष्ट्र विरोधी तत्वों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए जीआरपी अधिकारियों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा है।

## इटली में बिल्लियों की वजह से बची दंपति की जान

रोम। इटली में बिल्लियों की वजह से एक दंपति की जान बाल-बाल बच गई। बुधवार को मीडिया में आई एक खबर में यह बात कही गई है। दरअसल, इटली में भूस्खलन के दौरान एक दंपति अपने घर में सोया हुआ था। इस दौरान उनका घर भी भूस्खलन की चपेट में आने वाला था, लेकिन उनकी दो बिल्लियों ने समय रहते उन्हें जगा दिया, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई। क्लॉदियो पियाना ने एक समाचार पत्र को बताया कि हमारी बिल्लियों सिंबा और मोस ने शोर मचाकर मेरी पत्नी को जगा दिया। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी ने देखा कि वे उसी वक्त छत से गिरे प्लास्टर के एक टुकड़े से खेल रही थीं। इस दौरान उनकी नजर दीवारों में आईं दरारों पर पड़ी। इटली के लिंगुरिया क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नदियों का पानी उफान पर है, जिसके चलते भूस्खलन हुआ और एक पुल भी बह गया। पियाना और उनकी पत्नी सबरीना सोमवार रात कैंपो लीगर में अपने घर में सोने गए थे, वे बात से अंजान थे कि उनका घर भी भूस्खलन की चपेट में आ सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109